nature as accurately as he, though his accuracy was of course that of a poet, not that of a scientist,...... Fully to appreciate Kalidasa's poetry one must have spent some weeks at least among wild mountains and forests untouched by man, there the conviction grows that trees and flowers are indeed individuals, fully conscious of a personal life and happy in that life. The return to urban surroundings makes the vision fade, yet the memory remains, like a great love or a glimpse of mystic insight, as an intuitive conviction of a higher truth Kalidasa's knowledge of nature is not only sympathetic, it is also minutely accurate. Not only are the snows and windy music of the Himalayas, the mighty current of the sacred Ganges, his possession, his too are smaller streams and trees and every littlest flower. It is delightful to imagine a meeting between Kalidasa and Darwin. They would have understood each other perfectly; for in each the same wealth of imagination worked with the same wealth of observed fact...No doubt it is easier for a Hindu, with his almost instinctive belief in reincarnation, to feel that all life, from plant to God is truly one; yet none, even among Hindus, has expressed this feeling with such convincing beauty as has Kalidasa".

होड़ का। पौराणिक काल में देवालय यत्रतत्र स्थापित हुए तथा तीर्थों एवं नदियों आदि का माहात्म्य बढ़ा। आदिम हिन्दी काल में हमारे यहां सम्प्रदायों का चलन चला, प्रतिमा पूजन और तीर्थों का बल स्थापित रहा, तथा एकेश्वरवाद की ओर रुचि बढ़ी और त्रिमूर्त्ति का तार्किक रीति से स्थापन तथा तर्कवाद का प्रसार हुआ। पूर्व माध्यमिक काल में साम्प्रदायिकता दक्षिणी भारत से बढ़कर बंगाल और युक्तप्रान्त में भी फैली, तथा मुसलमानों के धार्मिक आक्रमण बचाने में हमारे समाज ने अच्छी सफलता पाई। इस काल में अवतारवाद का प्रभाव कुछ बढ़ा। आदिम समय में इसकी महत्ता में कोई वृद्धि न हुई थी। इन दिनों व्रज, अवधी, पूर्वी और पञ्जाबी भाषाओं में रचना हुई।

---

## प्रौढ़ माध्यमिक समय (१५०३-१६२३)।

### सौरकाल (१५०३-१५७३)।

पूर्व माध्यमिक समय में हमारी भाषा खूब उन्नत हो चुकी थी, जिससे हमारे यहां सुकवियों के प्रादुर्भाव का समय आ गया। इसके प्रारम्भ के पहले ही से मुसलमानी बल क्षीण था। यह दुर्बलता सैयद काल १४५० तक बहुत रही थी, किन्तु लोदी काल (१४५०-१५२६) तक भी कुछ कमी के साथ बनी हुई थी। हमारा समाज आदिम हिन्दी समय के उत्तरार्ध में कुछ संगठित होने लगा था, अथच पूर्व माध्यमिक समय में बहुत कुछ संयत हो गया था। पौराणिक समय में हमने अवतार, त्रिमूर्त्ति, प्रतिमा तथा तीर्थों में विशेष मन लगाया। प्रतिमा के साथ अवैदिक समय का पूजन भी शिवलिंग पूजन के साथ स्थापित हुआ, यद्यपि जनता इसको लिंग न समझकर बहुत करके पूर्ण शरीर समझती थी। पौराणिक समय

of the splendour that is seen also in nature. While the splendours of the sky are unvarying, the beauty of the tender leaf and flower is full of transience and charm like human loveliness. He frequently compares the beauty of women to the beauty of tender leaves and blossomed creepers

> आवर्जिता किंचिदिव स्तनाभ्यां
> वासो वसाना तरुणार्करागम् ।
> पर्याप्तपुष्पस्तबकावनम्रा
> संचारिणी पल्लविनी लतेव ॥

(Kumarasambhava, III, 54)

(Bent slightly by her budding breasts and wearing a garment bright like the rising sun, she came like a moving creeper bowed by the slender weight of blooms)

> अधरः किसलयरागः कोमलविटपानुकारिणौ बाहू ।
> कुसुममिव लोभनीयं यौवनमङ्गेषु संनद्धम् ॥

(Sakuntala, Act I)

(Her under lip is red like a tender leaf; her arms are like the lovely branches of a tree; and youth, desirable as a flower, is present in her limbs).

## वल्लभीय तल्लीनता।

प्रौढ़ माध्यमिक काल में हम उपरोक्त अनमिल उपदेशों का प्रभाव समाज पर देखते हैं। यह काल १२० वर्षों का है, जिसमें से ७० वर्ष सौर काल की प्रणाली का चलन रहता है, तथा पीछे के ५० वर्ष तुलसी प्रणाली का। हम इन दोनों भागों का पृथक् कथन करेंगे, क्योंकि दोनों प्रौढ़ माध्यमिक होकर भी आपस में बहुत अनमिल से हैं। समयानुसार पहले सौरकाल उठाया जाता है, जो १५०३ से १५७३ तक चलता है, यद्यपि महात्मा सूरदास का शरीरान्त १५६३ के ही इधर उधर होना समझ पड़ता है। यह समय रामानन्दी उपदेशों के चलने का न होकर बहुत करके वल्लभीय काल है। इसमें सूरदास, अष्टछाप के अन्य कविगण, विट्ठलनाथ, गोकुलनाथ, मीरा-बाई, हितहरिवंश, हरिदास, विट्ठल विपुल, रसखानि आदि महात्मा अच्छे साहित्यिक एवं भक्त थे। रसखानि मुसलमान होकर भी शुद्ध भक्त और प्रभावशाली वैष्णव थे, अथच २५२ वैष्णवों की वार्त्ता में इनका भी कथन है। साहित्य के लिये तल्लीनता एक आवश्यक गुण है। इसीके कारण योद्धा समरांगण में तिल तिल अंग कटने पर भी आनन्द पाते हैं, स्त्री पति के शव के साथ चितापर जल मरने से प्रसन्न होती है, तथा प्रेमी लौकिक अथवा ईश्वरीय प्रेम के पीछे सब तजकर भी अपने को धन्य मानते हैं। ऐसे ही अनेकानेक अन्य उदाहरण दिये जा सकते हैं। तल्लीनता एक भारी बल है, जो कहीं भी लगे, कुछ करके दिखला देगी। हिन्दी के सौभाग्य से भक्तों की यह तल्लीनता हरिगुण गान के साथ हिन्दी साहित्य वर्द्धन में लग गई, जिससे हमारा काव्य भांडार भर गया। भाषा उच्च हो ही चुकी थी, और तल्लीनता भी मिल गई। फिर क्या था, सोने में सुगंधवाली कहावत चरितार्थ हुई और हिन्दी के सुदिन आ गये। सौरकाल विशेष-तया कृष्ण भक्ति का समय था। सबसे बड़ा प्रभाव वल्लभ सम्प्रदाय

मुग्धत्वस्य च यौवनस्य च सखे मध्ये मधुश्रीः स्थिता ॥
(Vikramorvasiya, Act, II, verse 7)

(The Beauty of Spring is midway between girlhood and youth)

Kalidasa says about the season of youth and beauty

असंभृतं मण्डनमङ्गयष्टेरनासवाख्यं करणं मदस्य ।
कामस्य पुष्पव्यतिरिक्तमस्त्रं बाल्यात्परं साथ वयः प्रपेदे ॥
(Kumarasambhava I, 31)

(She attained that season of life which is next to girlhood which is the natural jewel of the willowy form, which is the non vinous intoxicant of man's senses and mind, and which is the arrow of Cupid more powerful than his arrows of flowers)

The poet thus knows and says that the radiance which lights up the human frame is a portion of the general radiance which robes the frame of things, though in the case of living beings the radiance is as evanescent as it is attractive

What, then, is beauty? A well known Sanskrit stanza says

वर्णन से इनके साहित्यिक भाव भी समझने में सुभीता होगा। भक्ति नवधा होती है तथा पांच भावों से की जाती है।

श्रवणङ्कीर्तनंविष्णोः स्मरणम्पाद सेवनम्।
अर्चनं वन्दनन्दास्यं सख्यमात्म निवेदनम्॥

यह तो नवधा भक्ति हुई। भक्ति के पांच भाव हैं, शान्त, दास, वात्सल्य, सख्य और शृङ्गार। शान्त भाव की भक्ति विना किसी कारण के स्वभावशः की जाती है, जैसी कि प्रह्लाद की थी। दास्य भाव की भक्ति तुलसीदास, हनुमान आदि की है। मुसलमानी भक्ति भी इसी भाव से चलती है। वात्सल्य भक्ति ऐसी होती है, जैसी माता पिता पुत्र से करते हैं, या और कोई ऊंचे सम्बन्धी छोटों के प्रति करें। इसके उदाहरण दशरथ, यशोदा आदि थीं। सख्य भाव की भक्ति मित्रता के ढंग से रहती हैं। सूरदास ऐसी भी भक्ति करते थे। शृङ्गार भाव की भक्ति का यह प्रयोजन है कि पुरुष भाव केवल ईश्वर में है, और भक्त की दशा उसपर आश्रित होने से स्त्री के समान है। इसी भक्ति को सखी सम्प्रदाय की भी कहते हैं। कबीरदास, कृपानिवास, अग्रदास, नाभादास आदि की भक्ति इसी प्रणाली की है। जिन भक्तों के नामों के पीछे अली शब्द लगा हो, यथा हरिवंश अली, वाल अली आदि, वे सखी सम्प्रदाय के समझने चाहिये। राम सखे, श्याम सखे, आदि सखा भाव के भक्त हैं। जिन जिन भक्तों की भक्ति जिस जिस भाव की होती है, उसी प्रकार के विचार उनकी रचना में निकलते हैं। सूरदास सखा, सखी और वात्सल्य भावों के भक्त थे।

## सौर काव्य।

इस काल के प्रमुख भक्त कवियों के व्यक्तिगत वर्णन आगे आवेंगे। हम देखते हैं कि इस काल के भक्त साहित्य के लिये रचना न करके ईश्वर भजनार्थ करते थे। इसकी दृढ़ता होने से

Upanishads as *Santam Sivam Sundaram* and *Anandarupam amritam yad vibhati*.

It is therefore necessary to bear in mind that Kalidasa's concept of beauty is a spiritual conception. It was this spiritual attitude that urged him to describe beauty as being in alliance with purity on the one hand and with love on the other hand In Sakuntala Act II verse 9 he says·

> चित्रे निवेश्य परिकल्पितसत्त्वयोगा
> रूपोच्चयेन मनसा विधिना कृता नु ।
> स्त्रीरत्नसृष्टिरपरा प्रतिभाति सा मे
> धातुर्विभुत्वमनुचिन्त्य वपुश्च तस्याः ॥

(She must be the mental creation of the Creator who by his mental power transferred the totality of loveliness to the painting of the loveliest of women and then endowed the picture with life. Remembering the Creator's power and the beauty of her form, I think that she is feminine creation of a different order altogether from ordinary women).

In Vikramorvasiya Act I verse 10 the poet goes even a step further and says :

नटखट किन्तु प्रिय वालक, अच्छे मित्र, और उत्कृष्ट रसिक हैं, तथा गोपियों के छूट जानेपर उनको निर्गुण ब्रह्म की भक्ति का ऊधव द्वारा सन्देश भेजकर व्याज से ऊधव का ज्ञानगर्व चूर्ण करते हैं, क्योंकि गोपियों को निर्गुण भक्ति तो वे सिखला नहीं पाते, वरन् स्वयं उनसे सगुण भक्ति सीखते हैं। सूर ने जितने भारी वर्णन किये हैं, वे सव पूर्ण और उत्कृष्ट हैं। कुछ लोगों का मत है कि सूर ने सारे साहित्यिक भाव कह डाले, जिससे पीछे के कवियों को न चाहते हुये भी इनके भाव लेने पड़े हैं। वाल लीला, माखन चोरी, ऊखल वन्धन, रासलीला, मथुरागमन, तथा उद्धव संवाद सूर ने वहुत ही वढ़िया कहे हैं, और भक्ति में दैन्य भाव का भी अच्छा कथन किया है। आपके पद गानेवाले परम प्रचुरता से व्यवहार में लाते हैं। शृङ्गार-पूर्ण वर्णन भी आपने वहुत किये हैं, यहां तक कि दो तीन स्थानों पर परम स्वाभाविक रीति से नायक नायिकाओं के पूर्ण विहार विस्तार पूर्वक कह दिये हैं। फिर भी आपका शृङ्गार भोंड़ा नहीं है, और इनकी रचना से वहुत उपदेशप्रद, भाई वहनों तक के आगे पढ़नेवाले परमोत्कृष्ट पदों का संग्रह हो सकता है, वरन् स्वयं हमने ऐसा एक दो ढाई सै पृष्ठों का संग्रह कई साल हुये प्रकाशित भी कराया था। तुलसीदास के पीछे सूरदास हमारे सर्वोत्कृष्ट हिन्दी कवि हैं। इनकी भाषा परम परिपक्व और भाव वहुत वढ़िया हैं। अपने पात्रों के शील गुण भी आपने परम प्रकृष्ट प्रकट किये हैं। यद्यपि आपकी रचना मुक्तकात्मिका है और उसके भारी विस्तार के कारण ही वह प्रवन्ध के रूप में भी दिखलाई गई है, तथापि है मनोहर तथा उपदेशप्रद। इतना सव होते हुये भी वाम मार्गस्थ होने के कारण आपका साहित्य पंडित मंडली में तुलसीदास तथा कवीरदास के वरावर उपदेशप्रद उचित ही नहीं माना गया है, यद्यपि साहित्यिक दृष्टि से वह कवीर की रचना से वहुत श्रेष्ठ है। शृङ्गारात्मक होने के कारण आपका साहित्य तो प्रवल है, किन्तु उपदेशक का संदेश उसमें डूव सा गया है,

all its attitudes beauty has crescent splendour) The splendour is natural and not artificial (अक्लिष्टकान्ति —Sakuntala Act V verse 19) In Sakuntala Act I verse 22 he suggests that supreme beauty is semi-human and semi divine and is the child of asceticism and divine loveliness and delight Sakuntala is the daughter of Vissamitra and Menaka

मानुषीषु कथं वा स्यादस्य रूपस्य संभवः ।
न प्रभातरलं ज्योतिरुदेति वसुधातलात् ॥

(How can there be such a manifestation of loveliness among mortals? A luminary aquiver with radiance does not spring up from the earth)

He refers to the elements of लावण्य (quivering splendour) and *rekha* (eye rivetting charm) in Sakuntala Act VI verse 14 He points out also that beauty does not depend on external aid for its attractiveness

सरसिजमनुविद्धं शैवलेनापि रम्य
मलिनमपि हिमांशोर्लक्ष्म लक्ष्मीं तनोति ।
इयमधिकमनोज्ञा वल्कलेनाऽपि तन्वी
किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम् ॥

भरम भरो मन भयो पखावज चलत कुसंगति चाल ॥
तृष्णा नाच करति घट भीतर नाना विधि दै ताल।
माया को कटि फेंटा बांधे लोभ तिलक दै भाल ॥
कोटिक कला काछि दिखराई जल थल सुधि नहिं काल।
सूरदास की सबै अविद्या दूरि करौ नँदलाल ॥

---

हरिमुख निरखत नैन भुलाने।
ये मधुकर रुचि पंकज लोभी ताहीते न उड़ाने ॥
कुंडल मकर कपोलन के ढिग मनु रवि नैन विहाने।
कुंचित अलक सिलीमुख मानहुँ लै मकरन्द निदाने ॥
तिलक ललाट कंठ मुकुतावलि, भूषन मनि मैं साने।
सूरदास स्वामी अँग नागर ते गुन जात न जाने ॥

अकबर बादशाह ने आपके दर्शन किये थे।

## अष्टछाप।

अष्टछाप के शेष कवियों के भी वर्णन ८४ तथा २५२ वैष्णवों की वार्त्ताओं में हैं। उनमें सूरदास गऊघाटवाले कहे गये हैं। परमानन्द दास कनौजिया ब्राह्मण क़न्नौज निवासी थे। लिखा है कि आप सुकवि और योग्य पुरुष थे, तथा कीर्त्तन बहुत अच्छा गाते थे। आपका भजन सुनकर एक बार, महाप्रभु वल्लभाचार्य ऐसे प्रेम गद्गद हुये कि मूर्छित होकर दो तीन दिनों तक देहानुसन्धान रहित रहे। इसी से इनकी रचना का प्रभाव प्रकट है। कुम्भनदास जमुनावती गाँव के लिखे हैं। कीर्त्तन अच्छा गाते थे। अकबर शाह के बोलाने से बहुत कष्ट करके एक बार फ़तेहपुर सीकरी गये। सवारी पर चढ़ते न थे, तथा शाही भेंट स्वीकार न करते थे। बेचारे बहुत परेशान होकर लिखते हैं,—

सन्तन का सिकरी सन काम।
आवत जात पनहियां टूटीं बिसरि गयो हरि नाम ॥

अनाघ्रातं पुष्पं किसलयमलूनं कररुहै-
रनाविद्धं रत्नं मधु नवमनास्वादितरसम् ।
अखण्डं पुण्यानां फलमिव च तद्रूपमनघं
न जाने भोक्तारं कमिह समुपस्थास्यति विधिः ॥

(Her faultless form is an unsmelt flower, a tender leaf unhandled by fingers, an unpierced gem, new and yet untasted honey, and the full fruit of virtuous and meritorious acts I do not know whom the Creator has designed to enjoy it)

We find in this verse a crescendo of similitudes The flower and the leaf are fair and fresh but very frail and evanescent A gem has a lasting splendour Sweet honey has an added element of attraction The simile of the full fruit of goodness has a psychical element as well and shows that beauty has not only loveliness and softness and freshness and radiance and sweetness but is the gift of God to purity and goodness and devotion

We find also in Kalidasa's works an assured conviction that beauty and baseness will not go together In Act II of Sakuntala it is said

न तादृशा आकृतिविशेषा गुणविरोधिनो भवन्ति ।

शाह भी इसी सम्प्रदाय के वैष्णव तथा कवि थे। विट्ठलनाथ महाप्रभु वल्लभाचार्य के पुत्र तथा शिष्य थे। आपका समय १५१५ से १५८५ तक था। आपने शृङ्गार रस मंडन नामक एक ५२ पृष्ठों के व्रजभाषा गद्य ग्रन्थ में राधाकृष्ण विहार का वर्णन किया। प्रसिद्ध अष्टछाप का संगठन आप ही ने किया। महाप्रभु के पीछे आप वल्लभीय सम्प्रदाय के परम प्रभाव पूर्ण नेता हुये। आपके प्रभाव से हिन्दी साहित्य की अच्छी उन्नति हुई। आपने कुछ भजन भी कहे। आपके सात पुत्र थे जिनमें गोस्वामी गोकुलनाथ प्रधान थे। इन्होंने ८४ तथा २५२ वैष्णवों की वार्त्ता नाम्नी दो पुस्तकें उसकाल की प्रचलित शुद्ध व्रजभाषा में लिखीं। इनकी भाषा बड़ी प्यारी लगती है। इन वार्त्ताओं में भक्तों के हाल होने से ऐतिहासिक दृष्टि से ये बड़े काम की हैं, किन्तु जहांतक हो सका है, इनमें भक्तों के कथनों में असम्भव घटनायें लाई गई हैं। उस काल कुछ ऐसा विचार था कि जब तक कोई सन्त कुछ अनहोनी न कर दिखलावे तब तक वह भक्त ही नहीं है।

उदाहरण

गोस्वामी विट्ठलनाथ की रचना से।

प्रथम की सखी कहत है, जो गोपीजन के चरण विषै सेवक की दासी करि जो इनके प्रेमामृत में डूबि कै इनके मन्द हास्य ने जीते हैं अमृत समूह, ताकरि निकुंज विषै शृङ्गार रस श्रेष्ट रचना कीनी सो पूर्ण होत भई।

गोस्वामी गोकुलनाथ की रचना से।

श्रीरघुनाथजी परम दयाल हैं, ताते स्वर्ग दीयो, नातर दशरथ को स्वर्ग की योग्यता न हुती, काहेते अपनो वचन सत्य करिवैं को वनवास पठाय दीयौ, ऐसो कर्म कीयौ।

---

Raghuvamsa But it is in the Kumarasambhava that the poet has lavished all the resources of his wonderful art in delineating the supreme mother of the universe—the Goddess Uma who is the archetype of all loveliness and the presiding deity of every glory of body and of soul

Such, according to the poet is the nature of Beauty He has described equally well the power of beauty over the human soul In Raghuvamsa he sings in Canto VI about the mesmeric and fascinating beauty of Indumati and its effect on each of the assembled kings In Kumarasambhava, canto I, verse 28, he says that supreme beauty is not only an adorner but is also a purifier of life just as a flame adorns and purifies a lamp and as the Ganges adorns and purifies the three worlds and as perfect speech adorns and purifies the speaker The poet says also that the disappearance of beauty from our vision is the setting of our auspiciousness and the end of the joy of our heart and the closure of the gate of heroism

भाग्यास्तमयमिवाक्ष्णोर्हृदयस्य महोत्सवावसानमिव ।
द्वारपिधानमिव धृतेर्मन्ये तस्यास्तिरस्करिणीम् ॥

(Malavikagnimitra Act II verse 11)

रसखान कृत छन्दों के उदाहरण।

दम्पति सुख औ विषय रस, पूजा निष्ठा ध्यान।
इनते परे बखानिये, शुद्ध प्रेम रसखान॥
मित्र कलत्र सुबन्धु सुत, इनमें सहज सनेह।
शुद्ध प्रेम इनमें नहीं, अकथ कथा सविसेह॥
इक अंगी बिनु कारनहिँ, इकरस सदा समान।
गनै प्रियहि सरवस्व जो, सोई प्रेम प्रमान॥
डरै सदा चाहे न कछु, सहै सबै जो होय।
रहै एकरस चाहिकै, प्रेम बखानै सोय॥
देखि गदर हित साहेबी, दिल्ली नगर मसान।
छिनहिँ बादसा बंस की, ठसक छोड़ि रसखान॥
प्रेम निकेतन श्री बनहि, आय गोवरधन धाम।
लह्यौ सरन चित चाहिकै, जुगल सरूप ललाम॥

मानुस हौं तो वही रसखानि बसौं मिलि गोकुल गांव गुवारन।
जो पसुहौं तौ कहा बसु मेरो चरौं नित नन्द कि धेनु मँझारन।
पाहन हौं तो वही गिरि को जो भयो व्रज छत्र पुरन्दर कारन।
जो खग हौं तो बसेरो करौं उन कालिँदी कूल कदम्ब की डारनि।

## हित

हितहरिवंश राधावल्लभी सम्प्रदाय के चलानेवाले प्रसिद्ध वैष्णव महात्मा थे, किन्तु इनके सम्प्रदाय में वाम मार्गस्थ शृङ्गार साहित्य का प्राचुर्य था। इनके विषय में बहुत बातें ऊपर आ चुकी हैं। इनका साहित्य बहुत मधुर है, और यद्यपि इनके केवल ८४ पद मिलते हैं, और उनके विचार भी ऊंचे भावपूर्ण न होकर भगवान का केवल प्रेमी रूप दिखलाते हैं, तथापि केवल साहित्य की दृष्टि से हम इन्हें सत्कवि अवश्य कहेंगे। संसार ने इस सम्प्रदाय का भी अच्छा मान किया,

in an equally perfect verse in Act III, verse 7. The Yaksha's wife is described in a fine verse (verse 21) in the second part of Meghasandesa.

The handsome looks of boys and men also are vividly described by Kalidasa. He says that the tender palm of the boy Bharata was like a half blown lotus flower blossoming at the touch of the young dawn.

अलक्ष्यपत्रान्तरमिद्धरागया
नवोषसा भिन्नमिवैकपङ्कजम् ॥

Prince Ayus also is finely described in Vikramorvasiya The poet describes King Dilipa as having a broad breast, the neck of a bull, the height of a *sala* tree, and mighty arms (व्यूढोरस्को वृषस्कन्धः शालप्रांशुर्महाभुजः) Similarly Raghu is described thus: युवा युगव्यायतबाहुरंसलः कपाटवक्षाः परिणद्धकन्धरः (III, 34). Dushyanta is described in Sakuntala, Act II verse 4 as tall and slim and strong (Pranasara) But the poet, though he was comparatively reticent about the beauty of men, let himself go when he began to describe the great God Siva in his bridal form in the fifth canto of the Kumarasambhava. Even more wonderful is the description of God Siva in Kailasa

और १५६० वाले आपके ग्रन्थ मिले हैं। मीराबाई भी इस काल की भारी भक्तिन थीं। इनके विशुद्ध लोकोत्तर चरित्र तथा उच्च साहित्य का समाज पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। इनका जन्मकाल १५१६ है। आपका विवाह चित्तौर के युवराज भोजराज के साथ हुआ। भक्ति की उमंग में ये घर में न रहकर दूर दूर निकल जाती थीं, तथा साधु संगति में पर्दा इत्यादि की परवाह न करती थीं। इन कारणों से इनके स्वजनों ने इन्हें विप देकर मारना चाहा, किन्तु वे सारे प्रयत्न निष्फल हुये। आपकी रचना उच्चकोटि की है। आपकी महत्ता से तत्कालीन वैष्णवता का मान संसार में बहुत बढ़ा। आपका स्वर्गवास छोटी ही अवस्था में हो गया। इनके पद गाने वालों में अब भी बहुत प्रचलित हैं।

उदाहरण ।

बसो मेरो नैनन में नँदलाल ।
मोहनि सूरति सांवरि सूरति नैना बने रसाल ॥
मोर मुकुट मकराकृत कुंडल अरुन तिलक दिये भाल ।
अधर सुधा रस मुरली राजति उर वैजंती माल ॥
क्षुद्रघंटिका कटि तट सोहति नूपुर शब्द रसाल ।
मीरा प्रभु सन्तन सुखदाई भक्त वछल गोपाल ॥

## निपट निरञ्जन ।

स्वामी निपट निरञ्जन हिन्दी के प्रकृष्ट कवि एवं सिद्ध योगी थे। आपका समय १५३८ के लगभग कहा जाता है। कहते हैं कि आपकी भी भेंट अकवर शाह ने की थी। आपकी रचना ज़ोरदार तथा यथार्थ भाषिणी है। कवीर की भांति इन्होंने साधारण बातों में ज्ञान कहा और अन्योक्तियों का भी प्रयोग किया। व्रजभाषा में आप कुछ कुछ खड़ी बोली भी मिलाते थे।

canto VII verse 22 of Kumarasambhava that the fruit of feminine beauty and adornment is the joy of the husband's eyes. In showing the failure of Uma's beauty to captivate the heart of God Siva and the success of Uma's penance in achieving that end, Kalidasa has made us realise that beauty should lead to devotion and that devotion would lead to God.

कोदौ सवां जुरते भरि पेट तौ चाहती ना दधि दूध मठौती ।
सीत वितीत भयो सिसियातहीं हौं हठती पै तुम्हें न हठौती ॥
जो जनती न हितू हरि से तुम्हें काहेक द्वारिके पेलि पठौती ।
या घर ते कबहूं न टरे पिय टूटो तवा अरु फूटी कठौती ॥

## दक्षिण ।

इस काल के अन्य कविगण भी इसी प्रकारकी रचना करते थे। तो भी सौर काल में हम भक्ति प्राचुर्य के साथ वर्णनों में व्यापकता नहीं पाते हैं। इसी समय १५७१ में दक्षिण में एकनाथ नामक प्रसिद्ध वैष्णव हुये, जिन्हें वहां भी दृढ़ रूप से भागवत धर्म स्थापित करने का श्रेय प्राप्त है। जो दशा उत्तरी भारत में प्रारम्भिक एवं माध्यमिक काल में थी, वही महाराष्ट्र देश में इसकाल उपस्थित हुई। विजयनगर तथा वहमनी साम्राज्य जब तक स्थापित रहे, तबतक दाक्षिणात्य हिन्दुओं पर कोई भारी बोझ न पड़ा, किन्तु इनके पीछे मुसलमानी बल बढ़ा। फिर भी इतना भेद था कि उत्तरी मुसलमानी राज्य बाहर से समय समय पर आनेवाले मुसलमान सैनिकों द्वारा समर्थित रहता था, किन्तु दाक्षिणात्य मुसलमानी शक्ति प्रान्तीय हिन्दुओं की सहायता विना दृढ़ नहीं रह सकती थीं। अतएव उत्तर की भांति अत्याचार वहां नहीं किये जा सकते थे। फिर भी हिन्दू समाज पर मुसलमानी धार्मिक दवाव पड़ता ही था। इसीलिये वहां भी भारी सन्त संघ स्थापित हुआ, जिसने अपनी वाणी द्वारा समाज एवं जाति में उमंग उत्पन्न करके हिन्दूधर्म की रक्षा की। इसी संघ के महात्मा इस काल एकनाथ हुये, तथा आगे चलकर तुकाराम और रामदास के पवित्र नाम आवेंगे। एकनाथजी ने ज्ञानेश्वरी नाम्नी उत्कृष्ट पुस्तक हिन्दी साहित्य में रची तथा और भी कविता की। आपका समाज पर अच्छा प्रभाव पड़ा।

The problem of sex has always, next to the problem of the soul, been the most urgent and insistent and perplexing of problems. Men and women, being the descendants of men and women, have each a percentage of masculinity and feminineness in their natures. Each human being is thus in reality epicene in type. Do we not see the sublimation of this concept in the divine figure of Ardhanarisvara ? But the modern man—and for the matter of that the modern woman also,—do not know what is the true balance of the two elements in each human being. It is one of the lasting glories of the Hindu mind that it knew the secrets of the problem of sex as well as it knew the secrets of the problem of soul.

It has been found out by modern science that the sexual act is not one of the necessities of life. Dr. Mayer says: "No peculiar disease nor an abridgement of the duration of life can be ascribed to continence". Unrestrained sexual thought and appetite are the bane of civilised man. We do not meet with such a phenomenon in the animal kingdom. While the sexual pleasure is one of the deepest pleasures of the human system, it is not of

तिलक सम्राट् अकबर तख़्त पर बैठे, तब उनके अधीन एक छोटा सा राज्यमात्र था। उन्होंने आदि ही में सोचा कि क्या कारण है कि साढ़े तीन सै साल के लम्बे समय में भी मुसलमान भारत में जड़ न जमा सके, और बड़े बड़े राज घराने थोड़े ही से धक्के से निर्मूल हो गये ? अकबर की प्रखर बुद्धि ने इस प्रश्न का उत्तर तुरन्त ही दे दिया। उन्होंने समझ लिया कि मुसलमानी राज्य भारतीय राजशक्ति को निर्मूल करने मात्र से संतुष्ट न होकर भारतीय समाज पर भी धार्मिक आतंक जमाने के प्रयत्न में प्रजा में भी अपने धार्मिक युद्ध द्वारा घोर असन्तोष फैलाता आया है, जिससे उसकी लोकप्रियता का अस्तित्व नहीं के बराबर रहा आया है। इसी कारण उसके सामर्थ्य में सदैव भारी क्षति रही है।

यही सोच समझकर इस दूरदर्शी सम्राट् ने यह प्रणाली यकबारगी छोड़कर अपना राज्य लोकप्रिय बनाया। साढ़े तीन शताब्दियों का धार्मिक युद्ध समाप्त हुआ। समाज विजयी हुआ। भारत में एकाएकी सत्ययुग सा आ गया। अकबर ने न केवल धार्मिक युद्ध समाप्त किया, वरन् भारतीय सन्तों का अच्छा मान भी आरम्भ किया। इसके अतिरिक्त आपने क्षत्रियों से रोटी बेटी का भी व्यवहार खोलना चाहा। यदि अकबर के पूर्व मुसलमानी अत्याचारों तथा कट्टर धार्मिक झमेलों का इतिहास न होता, तो हिन्दू मुसलमानों का मेल वैसा ही हो जाता, जैसा कि शकों, हूणों, सिदियनों आदि से हुआ था, किन्तु इस शत्रुता पूर्ण लम्बे इतिहास के कारण मुसलमानों का बहिष्कार हिन्दुओं के लिये न केवल सामाजिक बर्ताव वरन् निश्चित धर्म हो गया था। अतएव रोटी का व्यवहार तो उस काल एक अनहोनी घटना थी जिसका प्रश्न ही न उठा। रहा बेटी का व्यवहार, सो हिन्दुओं को समझ पड़ा कि मुसलमानों की बेटी ब्याहने से अपने सन्तान मुसलमान हो जावेंगे, किन्तु यदि इनकी बेटी

cal tapas or austerity Is it not significant that the same word *Brahmacharya* signifies both sexual continence and true spirituality ? The ancient Hindu knew the inter relations of vital force and mental force and spiritual force much better than the self-laudatory modern man Love-force and sex-force are inter linked but are not identical In the animal kingdom we see sex force but not love force but the sex force is regulated by instinct and rhythmical in its operation and periodicity In man it is linked to love force But the higher element should not lead to the perversion of the lower element It should preserve the values of the lower element and sublimate sex force into soul force The Hindus knew and proclaimed that sensuality is not love Their declaration that marriage is for begetting offspring is one mode of declaring this truth

It is in the excitable and impressionable period of youth that young men and young women have to be guarded with care against sensuality In a recent book on Sex-Force it is stated . "Physicians and others who are in a position to know accurately make the statement that ninety percent of all the girls who marry enter the wedded state impure,

## अकबरी कविगण ।

अकबर ने न केवल हिन्दू समाज में शांति स्थापित की, वरन् हिन्दी साहित्य का भी बहुत अच्छा मान और प्रचार किया। वे स्वयं कविता करते थे तथा उनके मन्त्रिमण्डल एवं दरबारियों में कई अच्छे कवि थे। इनमें नरहरि वन्दीजन, टोडरमल, बीरबल, गंग, फ़ैज़ी, अबुलफ़ज़्ल, तानसेन, पृथ्वीराज, मनोहर, गंग भट्ट, होलराय, ख़ानख़ाना रहीम, मानसिंह आदि के नाम गिनाये जा सकते हैं। इनके अतिरिक्त बहुत से छोटे बड़े मनुष्य तथा साधारण कविगण भी अकबरी दरबार से सम्बद्ध थे, जिनमें से कई ऐसे सुकवि थे, कि उनका पृथक् वर्णन आवश्यक होगा। महाराजा टोडरमल अकबर के माल तथा मालगुज़ारी विभाग के प्रधान मन्त्री थे। आपने जब देखा कि सरकारी दफ़्तर में हिन्दी के होने से हिन्दूलोग फ़ारसी नहीं पढ़ते, जिससे उनकी पदोन्नति नहीं होती, तब दफ़्तर हिन्दी के स्थान पर फ़ारसी में कर दिया। इतने दिनों तक मुसलमान बादशाहों के दफ़्तर हिन्दी में ही रहते थे। महाराजा टोडरमल की इस आज्ञा से हिन्दी की हानि हुई किन्तु हिन्दुओं को लाभ पहुँचा। आप ब्रजभाषा में कविता भी करते थे, जो साधारण श्रेणी की थी। आप ही के अधीन संडीले के सूरजदास अमीन थे, जो गौड़ वैष्णव सम्प्रदाय में थे तथा सन्तों के इतने बड़े भक्त थे कि सरकारी मालगुज़ारी में से १३ लाख उन्हें खिला बैठे और सरकारी सन्दूकों में पत्थर भर कर निम्न दोहे के साथ रवाना करके आधी रात को स्वयं भग खड़े हुये :—

तेरह लाख सँडीले आये सब साधुन मिलि गटके।
सूरजदास मदन मोहन कवि राति आधि ही सटके॥

यह हाल जानकर अकबरशाह ने आपको क्षमा प्रदान करके अमीनी पर फिर से वापस बुलाया, किन्तु लज्जावश आप न गये और शेष जीवन वृन्दावन में बिताते रहे। आपके बहुतेरे पद प्रसिद्ध महात्मा

immortal poet Personal physical pleasure is a strong factor but is not at all the primary factor. There is in it, however refined it may be, an element of grossness and sensuality and even animality. The next higher sublimation of it is in the element of the perpetuation of the racial life We owe everything to the past and we can never serve the past and repay the debt except by service to the incarnation of the past in the future But even the propagation of the race is not the highest end of sex-life The a sexual propagation of life is known in the plant world God surely intended the sex-life to subserve higher purposes as well It leads to a higher vitality and magnetic power, and a more glorious life of the senses and the mind It has been said well· "What really happens is that in this congenial companionship between two members of opposite sex, two poles, the positive and negative, are united forming a magnetic battery through which magnetic forces pour into both" The good and beautiful woman will unconsciously pull up her beloved into a higher region of sense-life and mind-life The highest attainments in the fine arts have been due to the unconscious charm and loveliness and influence of woman Last but not least is the upward leap

समझे जाते हैं। अब तक उनके बराबर का गानेवाला इस देश में दूसरा नहीं गिना जाता। आप ग्वालियर निवासी ब्राह्मण थे, किन्तु गाना सिखलाने में उस्ताद गौस ने अपनी जिह्वा इनकी जिह्वा में लगा दी और इसी लिये उनके मुसलमान होने के कारण बेचारे तानसेन भी मुसलमान मान लिये गये। आप हिन्दी कविता भी करते थे। सूरदास की प्रशंसा में आपने निम्न दोहा लिखा जिसके उत्तर में सूरदास ने भी एक दोहा कहा :

किधौं सूर को सर लग्यो, किधौं सूर की पीर।
किधौं सूर को पद लग्यो, तन मन धुनत शरीर। (तानसेन)
विधिना यह जिय जानि के, सेसहि दिये न कान।
धरा, मेरु सब डोलते, तानसेन की तान। (सूरदास)

बैजू बावरे और सदारंग भी प्रसिद्ध गायनाचार्य और तानसेन के समकालीन थे। तानसेन ने नाद शास्त्र में महात्मा हरिदास को भी अपना गुरु किया था। कहते हैं कि अकबर शाह के यहां एक बार विवाद उठा कि तानसेन विशेष गुणी थे या बीरबल। इससे बादशाह बोले कि यदि मैं बीरबल को बड़ा कहूं तो तानसेन को समझ पड़ेगा कि मेरा निर्णय मित्रता के कारण है। अतएव यह फ़ैसला मैं अपने एक मात्र शत्रु महाराणा प्रतापसिंह पर छोड़ता हूं। निदान महाराजा बीरबल और तानसेन दोनों मेवाड़ के जङ्गलों में महाराणाजी से मिले, क्योंकि उस काल उनका राज्य छूट चुका था, और वे जङ्गलों में रहकर सम्राट् अकबर से युद्ध करते थे। तानसेन ने तो गाना बजाना सुनाकर महाराणाजी को बहुत प्रसन्न किया, किन्तु जब महाराजा बीरबल की बारी आई, तब बहुत से चुटकुले छोड़ने पर भी उन्होंने देखा कि उनकी बुद्धिमानी की प्रशंसा तो हुई, किन्तु रंग पूरा न जमा। बेचारे राजमन्त्री और कवि होकर एक गाने वाले के सामने क्या गुण दिखलाते ? कोई राजकाज का भारी प्रश्न होता, तो चातुर्य प्रकट कर सकते। कवि थे अवश्य अच्छे,

This life of man, carried back and diffused through the system, makes him manly, strong, brave, heroic The suspension of the use of the generative organs is attended with a notable increase of bodily and mental vigor and spiritual life" In Kumarasambhava, III, 69, the glory of this self- control (वशित्व) is described in glowing terms Once again let me not anticipate

In short, modern selfishness and modern luxury, and modern sex mania form a trinity of demons. Hurry and competition and strain are due to selfishness Liquor and drugs and spiced and seasoned viands are due to luxury I do not narrate the effects of sex mania in detail as the list would be appalling and long but every one can draw it up easily enough. It seems to me that a study of Kalidasa's ideals of love will be a powerful force making for the attainment of sanity and sweetness and spirituality by modern love

The love poetry of each race is the truest test of its innate refinement Judged by this test the Indian people occupy a very high place According to Indian thought, the senses are called *devas* or the *pure and shining ones It is the mind that can rise*

कई प्रश्न किये, किन्तु उन्होंने किसी का कोई उत्तर ही न दिया, क्योंकि बीरबल ने पहले ही से ऐसा समझा रक्खा था। इसपर मुल्ला साहेब ने कहा कि हुजूर! अगर अहमक से पाला पड़े, तो क्या करें? बादशाह के इशारे से बीरबल ने उत्तर दिया कि जहांपनाह! बस खामोशी अख्तियार करें। इसपर मुल्ला साहब खूब झेंपे, क्योंकि वे ही खूब बातें कर रहे थे और उधर बीरबल के पिता जी चुपके बैठे थे। दरबार में अच्छा कहकहा हुआ। इसी प्रकार की चुहल हुआ करती थी। इन बातों से बादशाह की सहिष्णुता एवं गुण-ग्राहकता तथा धार्मिक विद्वेषाभाव प्रकट हैं।

गंग कवि एक बड़े ही लब्धप्रतिष्ठ महाशय तथा सत्कवि थे। इनका भी दरबार में बड़ा मान था। आपने बहुत बढ़िया कविता की, तथा खानखाना कवित्त नामक एक ग्रन्थ भी रचा, जिसमें खानखाना की प्रशंसा थी। कहते हैं कि खानखाना ने इन्हें लाखों रुपये इनाम दिये। आपकी भाषा विशेषतया व्रजभाषा है, किन्तु दास कविने इनकी रचना में विविध प्रकार की भाषा पाई थी, यथा:

तुलसी गंग दुवौ भये सुकविन के सरदार।
इनके काव्यन में मिलै भाषा विविध प्रकार। (दास)

कहते हैं कि किसी की क्रूर आज्ञा से गंग कवि हाथी द्वारा चीर डाले गये थे। जो हो, आप एक परमोत्कृष्ट कवि हैं, और आपकी महिमा एवं महत्ता ऐसी सर्वमान्य थी कि बड़े बड़े कवियों तक को आपसे ईर्ष्या होती थी। आपके प्रायः डेढ़ सै वर्ष पीछे स्वयं देवकवि ने यह छन्द लिखा था:—

अकबर काल बरबीर केसौदास चारु,
गंग की सुकविताई गाई रस पाथी ने।
एकदल सहित बिलाने एक पलही में,
एक भये भूत एक मींजि मारे हाथी ने।

and with his description of the general aspects of love and of the special and particular aspects of love. Speaking about his ideals of love, it is noteworthy that he always proclaims that love (Kama) should never override *Dharma*. In canto III verse 6 of *Kumarasambhava* Cupid asks Indra whether he should overwhelm the artha (wealth) and dharma (rightousness) of any person.

(कस्यार्थधर्मौ वद पीडयामि सिन्धोस्तटावोघ इव प्रवृद्धः ॥)

Such a Cupid was reduced to ashes by God Siva. It was only after Parvati's penance won where her beauty failed that the Lord revived Cupid in response to the prayers of the Gods.

Kalidasa has clearly taught that love is the result of ante natal union. In a famous verse in *Sakuntala* —which is one of the most beautiful verses in all literature—he says:

रम्याणि वीक्ष्य मधुरांश्च निशम्य शब्दान्
पर्युत्सुकी भवति यत्सुखितोऽपि जन्तुः ।
तच्चेतसा स्मरति नूनमबोधपूर्वं
भावस्थिराणि जननान्तरसौहृदानि ॥

(Act V verse 2)

जब ब्राह्मण कवि गंग, मुसल्मानों का जय यश गान करने लगे। अकबर ने महाराणा प्रतापसिंह को छोड़कर किसी हिन्दू नरेश से युद्ध भी नहीं किया, वरन् अन्य मुसल्मान बादशाहों को ही जीत जीतकर अपना साम्राज्य स्थापित किया। इन जीतों में प्रायः राजपूत ही अकबर की ओर से युद्ध करते थे, सो देखने में समझ पड़ता था मानो हिन्दू मुसल्मानों को पराजित कर रहे हों। अकबर के सबसे अधिक विजयी सेनापति महाराजा मानसिंह जयपूर नरेश थे। गंग की रचना में हास्यरस की पुट है, तथा उद्दण्डता और राज्यभक्ति भी मिली हुई है।

गंग भट्ट ने १५७० में चन्द छन्द बरनन की महिमा हिन्दी गद्य में लिखी। इसमें केवल १६ पृष्ठ हैं, और ग्रन्थ बादशाह को सुनाया गया था।

उदाहरण : सिद्धि श्री श्री १०८ श्री श्री पातस्याहा जी श्री दल-पति जी अकबर साहाजी आमकाश में तख्त ऊपर बिराजमान हो रहे, और आमकाश भरने लगा है, जिसमें तमाम उमराव आय आय कुरनिश बजाय बजाय जुहार करके अपनी अपनी बैठक पर बैठ जाया करें, अपनी अपनी मिसल से। जिनकी बैठक नहीं सो रेशम के रस्से में रेसम कील्र में पकड़ पकड़ के पड़े ता थिर में रहे।

मनोहर दास कछवाहा उपनाम मनोहर कवि अकबर शाह के मुसाहेब थे। फ़ारसी शायरी में तो आप अपना नाम तौसनी रखते थे और हिन्दी में मनोहर। इनका समय १५६३ के लगभग था। इनकी रचना उदार, मधुर, सानुप्रास, भावपूर्ण, सरस और प्रशंसनीय है।

उदाहरण।

बिथुरे सुथरे चीकने घने घने घुँघरार।
रसिकन को जंजीर से बाला तेरे बार।

element of physical union is a merely subsidiary and subordinated element. Indian writers on Erotics and Æsthetics never stressed sexual pleasure as the be-all and the end-all of love. They knew that absence maketh the heart grow fonder and that the passion of love shines better in separation (*Vipralambha sringara*) than in union (*Sambhoga sringara*). Kalidasa expressly says in Malavikagnimitra Act III verse 15.

> अनातुरोत्कण्ठितयोः प्रसिद्ध्यता
> समागमेनापि रतिर्न मा प्रति ।
> परस्परप्राप्तिनिराशयोर्वरं
> शरीरनाशोऽपि समानुरागयो. ॥

(I am not enamoured of the union between the loveless and the passionate. Far better is the death of two equally passionate lovers who have no hope of mutual attainment at all).

Kalidasa shows also how equally important in love is the duty of handing on the torch of life to the generations to come. Having received the gift of life and culture from our forefathers, we can discharge our debt (ऋण) to them only by handing on the heritage—undiminished and if possible aug-

कविता का उदाहरण।

दिल्ली ते न तख़्त ह्वै है, बख़्त ना मुग़ल कैसो,
हॅ्वै है ना नगर बढ़ि आगरा नगर ते।
गंग ते न गुनी, तानसेन ते न तानबाज,
मान ते न राजा, औ न दाता बीरबर ते।
खान खानखाना ते न, नर नरहरि ते न,
ह्वै है न दिवान कोई बेडर टडर ते।
नवो खंड, सात दीप, सातहू समुद्र पार,
ह्वै है न जलालुद्दीन साहि अकबर ते।

इस छन्द से प्रकट है कि हिन्दू लोग अकबरी राज्य को स्वराज्य-साही समझते थे।

नवाब अब्दुल रहीम ख़ानख़ाना अकबरी साम्राज्य के मुख्य सेनापति थे तथा नाबालग़ी के समय में इनके पिता बैरम खां अकबर के पालक थे। रहीम का जन्म १५५५ में हुआ। अकबरी दरबार के नवरत्नों में ये भी थे, और इनका अच्छा मान था। कहते हैं कि यावज्जीवन आपने किसी पर क्रोध नहीं किया। एक समय अकबरी दल का महाराणा प्रतापसिंह से जब घोर युद्ध हो रहा था, तब रहीम का परिवार राणाजी के सैनिकों के हाथ पड़ गया। यह सुन राणाजी ने बड़े सन्मान के साथ उसे ख़ानख़ाना के पास भेज दिया। आपने यह उपकार जन्म भर स्मरण रक्खा और २४ वर्ष राज्यहीन रहकर राणाजी ने जब अपना राज्य छीन पाया, तब अकबर को समझा बुझाकर चित्तौर पर फिर से सैन्य सन्धान का मंसूबा कटवा दिया। इस प्रकार महाराणा प्रतापसिंह विजयी होकर सुख पूर्वक राज्य कर सके। एक बार जंगलों में फिरते फिरते विकल होकर जब राणाजी ने आत्म समर्पण का विचार किया था, तब आपने उसके प्रतिकूल गुप्त मंत्रणा देकर उन्हें अपने हठ पर स्थिर रहने को सुझाया था। दोहा इस प्रकार है :—

to the heart with the dawn of love. Nay in Kumarasambhava, V, 95 the poet says that even God Siva was full of the impatient delight of love and asks "If the desires of love can touch and affect even God, will they not overwhelm ordinary men ?"

Proceeding now to deal with Kalidasa's description of the general aspects of love, he points out how the world is dark to love denied and bright to love triumphant In Vikramorvasiya Act III verses 20 to 22, he says that the same lunar rays and Cupid's arrows which were a source of agony to the unhappy lover, are a source of joy to the happy lover, that the joy of love granted after the pain of love denied is doubly pleasurable because sweet is pleasure after pain just as the shade of trees is sweeter to the sunburnt man, and that the lover would rejoice if during union the nights would be as long as they seemed during separation The humility of true love is well expressed in Raghuvamsa, VIII, 49 There Aja laments that he must have been a false lover because his beloved left him for the world without any previous warning whatever The poet says further that lovers look at

उदाहरण।

कलित ललित माला वा जवाहिर जड़ा था।
चपल चखन वाला चांदनी में खड़ा था।
कटि तट विच मेला पीत सेला नवेला।
अलिवन अलवेला यार मेरा अकेला।

खीन मलिन विष भैया औगुन तीन।
पिय कह चन्द वदनियां अति मतिहीन॥

ढोलि ओखि जल अंचवनि तरुनि सुगानि।
धरि खसकाय घइलना मुरि मुसुकानि॥

रहिमन मोहिं न सुहाय, अमिय पियावै मान विन।
वरु विष देय वुलाय, मान सहित मरिवो भलो॥
रहिमन रहिला की भली, जो परसै मन लाय।
परसत मन मैला करै, सो मैदा जरि जाय॥
काम न काहू आवई, मोल रहीम न लेय।
वाजू टूटे वाज को, साहेव चारा देय॥
रहिमन वहरी वाज गगन चढ़ै फिरि क्यों तिरै।
पेट अधम के काज फेरि आय वन्धन गिरै॥
अव रहीम मुसकिल परी गाढ़े दोऊ काम।
सांचे से तो जग नहीं भूठे मिलै न राम॥
जे गरीव को आदरै ते रहीम वड़ लोग।
कहा सुदामा वापुरो कृष्ण मिताई जोग॥
छिमा वड़ेन को चाहिये छोटेन को उतपात।
का रहीम हरि को घट्यौ, जो भृगु मारी लात॥
रहिमन विगरी आदि की वनै न खरचे दाम।
हरि वाढ़े आकास लौं मिटो न वावन नाम॥
कमला थिर न रहीम कहि यह जानत सव कोय।
पुरुष पुरातन की वधू क्यों न चंचला होय॥

(Hence secret union should be the result of deliberation The affection born in hearts whose true nature is not tested and known turns into hate)

In Sakuntala we see also how the play begins in hunt and ends in peace The hunt of love is a delight but mere physical rapture leads often to trouble and has to be spiritualised into the abiding peace of emotional tenderness In the story about Urvasi's going away on seeing her son and about Indra's grace resulting in her stay in her husband's home along with their son, the poet makes us feel that very often the brief romance of physical passion and pleasure vanishes after the birth of a child and that the best gift of Providence as the result of our own self restraint and self-purification is the gift of that higher and holier love which is in right relation to the past and the present and the future and which finds in love a fulfilment of life in all its variety of a nexus of obligations In *Vikramorvasiya* the poet tells us also how Urvasi is won back by the touch of the gem which was born from the Goddess Gouri's feet and thus tells us by a beautiful symbol that even the ecstacy of first love has to be rewon and recaptured in a higher and a holier mood

पृथ्वीराज बीकानेर नरेश ने राणाजी के पास निम्न सोरठे गुमरीत्या लिख भेजे :-

अकबर समद अथाह सूरायण भरियो सजल।
मेवाड़ो तिण माह पोयण फूल प्रताप सी।
अकबर घोर अंधार ऊधाने हिन्दू अवर।
जागे जगदातार पोहरे राण प्रताप सी।
अकबर एकणवार दागल की सारी दुणी।
विन दागल असवार एकज राण प्रताप सी।
हिन्दू पति परताप पति राखी हिंदुआन की।
सहे विपति सन्ताप सत्य शपथ करि आपणीं।
सहगांवड़िये साथ एकण वाड़े वाड़िया।
राण न मानी नाथ ताणे राण प्रतापसी।
सोयो सो संसार असुर पलोलै ऊपरै।
जागे जगदातार पोहरे राण प्रताप सी।

ऐसे ही और भी छन्द हैं। खानखाना का उपरोक्त दोहा तथा बीकानेर नरेश महाराजा पृथ्वीराज के ये छन्द पाकर महाराणा प्रताप सिंह ने जाना कि बेटी का क्षुधार्त हो कर बिलखना भी देखकर उनका हठ छोड़ना अनुचित था। अतएव वे फिर से दृढ़ पड़े और अन्त में अपने राज्य पर अधिकृत होकर मेवाड़ की शान एवं स्वतन्त्रता स्थापित रखने में समर्थ हुए। इन वाक्यों का भारतीय इतिहास पर भारी प्रभाव पड़ा है।—भारत में हम यह पहला समर देखते हैं, जिसमें युद्ध राज्यार्थ न होकर केवल विचारों पर अवलम्बित था। अकबर मेवाड़ पर कोई अधिकार नहीं चाहते थे, न महाराणा को किसी प्रकार की हानि पहुँचानी उनका अभीष्ट था, वरन् वे मेवाड़ राज्य की वृद्धि के भी उत्सुक थे, जैसा कि जयपुर राज्य का हाल हुआ, किन्तु उनकी इच्छा केवल हिन्दू मुसलमानों में मेल करने की थी। तो भी हमारा पुराना सामाजिक वहिष्कार

(क्रियाणां खलु धर्म्याणां सत्पत्न्यो मूलकारणम् ।) In the same verse he says about Arundhati that when God Siva saw her he desired to marry a pure and noble women because the love of a pure and holy and loving woman is the fulfilment of life (तद्दर्शनादभूच्छम्भोर्भूयान्दारार्थमादरः— Kumarasambhava, VI, 13).

I shall now proceed to describe briefly the poet's description of special and particular aspects of love. In Malavikagnimitra, II, 2 and Sakuntala, III, 3, we have the usual conventional inveighment against the moon and against Cupid. More interesting are Kalidasa's observations about the peculiarities of the emotion of love. He says that true love is scornful of scandal

ममात्र भावैकरसं मनःस्थितं न कामवृत्तिर्वचनीयमीक्षते ।
(Kumarasambhava, V, 82)

He points out also that when love is obstructed, it, like an obstructed river, chafes but pursues its course (Vikramorvasiya, III, 8)

The poet says further that the first response of a woman in love is not by words but by physical manifestations

अन्तर शेष न रखने के विचार से महात्मा अकबर ने दीन इलाही मत दोनों के लिये चलाना चाहा, किन्तु उधर तो मुसलमान उसमें उदासीन रहे और इधर महाराजा वीरबल को छोड़कर कोई हिन्दू महापुरुष उसे पसन्द न कर सका। उसके चलने में देश का भारी उपकार था। फिर भी इस असफलता से असन्तुष्ट न होकर इस महामना बादशाह ने यावज्जीवन हिन्दू मुसलमानों का भरसक मेल बढ़ाकर दोनों का तथा देश का उपकार किया। यदि समय पर धर्मान्धों की सम्मति चलकर यह सुखद दशा न पलटती तो भारत के सुदिन स्थापित रहते। उपरोक्त कथनों में इतना हो सकता है कि शायद मुसलमान अधिकारी संख्या में कुछ अधिक हों, किन्तु इससे कोई विशेष फेर फार न पड़ता था।

अकबरी दरबार के अतिरिक्त इस काल के मुसलमान हिन्दी कवियों में क़ादिर, मुबारक और उसमान मुख्य थे। उसमान का वर्णन सूफ़ी कवियों में ऊपर हो चुका है। क़ादिर पिहानी ज़िला हरदोई के रहनेवाले १५८८ में उत्पन्न कहे गये हैं। आप सैयद इब्राहीम के शिष्य थे और कविता आदरणीय करते थे। आपका एक छन्द उसकाल के कुछ मुसलमानों के विचारों का अच्छा उदाहरण है।

गुन को न पूछै कोई औगुन की बात पूछै
कहा भयो दई कलियुग यों खरानो है।
पोथी औ पुरान ज्ञान ठट्ठन में डारि देत
चुगुल चबाइन को मान ठहरानो है।
क़ादिर कहत याते कछू कहिबे की नाहिँ
जगत को हाल देखि चुप मन मानो है।
खोलि देखो हियो सब ओरन सों भांति भांति
गुन ना हेरानो गुनगाहक हेरानो है।

सैयद मुबारक अली बिलगरामी का जन्मकाल १५८३ कहा जाता है। यह महाशय अरबी, फ़ारसी तथा संस्कृत के अच्छे विद्वान

In Raghuvamsa, IX, 34 he says that her words are few because of her bashfulness (प्रविरला इव मुग्धवधूकथाः). Uma is described in Kumarasambhava, III, 68, as standing before God Siva with shy and half-turned face and bashful looks expressing her love silently by her thrilled and eloquent frame. See also Raghuvamsa, VI, 81. A beautiful verse in Raghuvamsa (VII, 23) describes this shy struggle of young lovers to have a full view of each other.

> तयोरपाङ्गप्रतिसारितानि
> क्रियासमापत्तिनिवर्तितानि ।
> ह्रीयन्त्रणामानशिरे मनोज्ञा-
> मन्योन्यलोलानि विलोचनानि ॥

But the most perfect expression of such shy manifestations of love is in Sakuntala : (I, 20, 27; II, 2, 11, 12,). I shall select for special mention here some of these beautiful stanzas :

> वाचं न मिश्रयति यद्यपि मद्वचोभिः
> कर्णं ददात्यभिमुखं मयि भाषमाणे ।
> कामं न तिष्ठति मदाननसंमुखी सा
> भूयिष्ठमन्यविषया न तु दृष्टिरस्याः ॥

१६५६ में शाहजहां की ओर से लड़कर उज्जैन में औरंगज़ेब द्वारा मारे गये। आप हिन्दी के कवि थे।

## ओड़छा दरबार।

अकबरी काल में ओड़छे में भी अच्छे कवि थे, तथा उनका सम्मान भी अच्छा था। वहां के नरेश महाराजा इन्द्रजीतसिंह स्वयं कवि थे तथा केशवदास, प्रवीणराय, व्यासजी आदि सुकवियों से वह राजसभा सुशोभित थी। केशवदास के ज्येष्ठ भ्राता बलभद्र मिश्र भी श्रेष्ठ कवि थे और शायद ये भी वहीं रहते हों। इन सब कवियों में केशवदास श्रेष्ठतम थे। आप न केवल ओड़छे के सुकवि थे, वरन् समस्त हिन्दी साहित्य प्रेमियों में आपका पद बहुत ऊंचा था। हमने भी इनको हिन्दी नवरत्न में स्थान दिया है। बहुतों का विचार है कि तुलसीदास तथा सूरदास के पीछे हिन्दी में इनके बराबर का कोई कवि हुआ ही नहीं।

सूर सूर तुलसी ससी उड़गन केशवदास।
अब के कवि खद्योत सम जहँ तहँ करत प्रकास॥
कविता करता तीनि हैं, तुलसी केशव सूर।
कविता खेती इन लुनी, सीला बिनत मँजूर॥

ये दोहे आपके ऊंचे साहित्य पद को प्रकट करते हैं। आपने कई ग्रन्थ बनाये, जिनमें रामचन्द्रिका, कविप्रिया, रसिक प्रिया, विज्ञान गीता तथा वीरसिंह देव चरित्र प्रधान हैं। इस अन्तिम ग्रन्थ का विषय तो अच्छा है, किन्तु इसकी साहित्य गरिमा साधारणी होनेसे इसका प्रचार कम है। विज्ञान गीता की कुछ लोगों में प्रशंसा तो है, किन्तु काव्य इसका भी शिथिल है। रसिक प्रिया में रचना कुछ अच्छी है, किन्तु शृङ्गाराधिक्य से यह ग्रन्थ भी मनोरञ्जकता की कमीसे सभ्य समाज में तादृश आदर न पा सका। कविप्रिया रीति ग्रन्थ है, और ऊंचे दर्जे का माना जाता है। इनकी रामचन्द्रिका सर्वोत्कृष्ट है।

उन्नमितैकभ्रूलतमाननमस्याः पदानि रचयन्त्याः ।
कण्टकितेन प्रथयति मय्यनुरागं कपोलेन ॥

(Act III, verse 12)

The yearning and steady love-look of the woman whose love has been tested and perfected by time is thus described by the poet :

पपौ निमेषालसपक्ष्मपङ्क्तिरुपोषिताभ्यामिव लोचनाभ्याम् ॥

(Raghuvamsa, II, 19)

(She drank her husband's returning form with unwinking eyes which seemed to be famished and hungry for such sight of her beloved).

The poet describes equally well the physical manifestations of love in men during the first gaze of love, during marriage, and during later life. The thrilling of the body at the first touch of the beloved is described in Vikramorvasiya, I, 13, Raghuvamsa, VII, 22, and Kumarasambhava VII, 77. He describes minutely the physical manifestations of desire (*Sringara cheshtah*) in the assembled princes when Indumati entered the hall of nuptial choice.

The poet describes also various other special aspects of love. Love's dream is described in

स्वारथ औ परमारथ की गथ चित्त विचारि कहौ तुम सोई।
जामे रहे प्रभु को प्रभुता अरु मोर पतिव्रत भंग न होई।

यह समाचार सुनकर ओड़छा नरेश ने इन्हें दिल्ली न भेजा, जिससे असन्तुष्ट होकर सम्राट् ने ओड़छा पर एक करोड़ का जुर्माना किया। तब केशवदास ने महाराजा बीरबल के शरण जाकर उनकी प्रशंसा में निम्न छन्द सुनाया:-

पावक पंछी पसू नर नाग नदी नद लोक रचे दश चारी।
केशव देव अदेव रचे नरदेव रचे रचना न निवारी।
कै वरबीर बली बल को सुभयो कृतकृत्य महाव्रतधारी।
दै करतापन आपन ताहि दियो करतार दुवौकर तारी।

इस छन्द से प्रसन्न होकर बीरबल ने केशवदास को छः लाख रुपये उसी समय दिये। इस पर केशवदास ने निम्नलिखित छन्द पढ़ा:-

केशवदास के भाल लिखो विधि रंक को अंक बनाय सँवारो।
छोड़े छुटो नहिँ धोये धुयो बहु तीरथ के जल जाय पखारो।
है गयो रंक ते राव तहीं, जहीं बीरबली बल बीर निहारो।
सोचि यहै जग की रचना चतुरानन बाय रह्यो मुख चारो।

इस पर बीरबल ने फिर कहा कि मांगु। इसको केशवदास ने यों कहा है:—

इन्द्रजीत तासों कह्यो मांगन मध्य प्रयाग।
मांग्यो सब थर एकरस कीजै कृपा सभाग॥
यों ही कह्यौ जु बीरबल मांगु जु मांगन होय।
मांग्यो तव दरबार में मोहिँ न रोकै कोय॥

अनन्तर केशवदास की प्रर्थना पर महाराजा बीरबल ने अकबर से विनती करके ओड़छे पर का जुर्माना माफ़ करा दिया, किन्तु प्रवीणराय को अकबरी दरबार में हाज़िर होना पड़ा। उसके स्तनों की ओर लक्षित करके शाह ने कहा:—

# CHAPTER VIII.

## Kalidasa's Ideals of Boyhood and Education and Manhood.

IN the natural course of the ascent of thought in this work we now arrive at Kalidasa's ideals of boyhood and manhood. The world is kept young and sweet and noble and spiritual and God-ward by the children as by the flowers in the earth and the stars in the sky. In the pageant of life glorified which we find in Kalidasa's pages, the boys occupy a noble and prominent place.

No other poet has depicted with such truth and tenderness the natural affection which a loving father feels for his children. He says in Kumara-sambhava, XI, 17, about Uma's feeling when she saw Kumara : पुत्रोत्सवे माद्यति का न हर्षात् (who does not *feel the very madness of ecstasy at the birth of a son*?). He says further that she was unable to see

गया था, जिसे हींगलाज के किसी चारण ने अच्छा किया। तब से युवती चारिणियों को इतना अधिकार मिल गया था कि अपने गांव में यदि पकड़ पावें तो स्वयं राणाजी या अन्य महापुरुष को क़ैद कर लेवें और बिना दंड लिये न छोड़ें। ये चारण लोग कवि होते थे। इन्हें कोई चोर भी किसी दशा में लूट नहीं सकता था। इसी कारण से समय पर चारण लोग बंजारा हो गये, क्योंकि जो माल वे ढोते थे, वह मार्ग में कहीं लुट नहीं सकता था।

जिस्सा जिस्सा जिद्धा भूमी, तिस्सा तिस्सा तिद्धा फलं। यह 'यस्य यस्य यदा भूमिस्तस्य तस्य तदाफलम्' का राजपूतानी अनुवाद है, और देश में कवियों का मान प्रकट करता है, क्योंकि वे ही बहुधा भूमि पाते थे। जब मानसिंह काबुल जानेवाले थे, तब हिन्दू विचारानुसार अटक पार होने में हिचकिचाते थे। इसपर अकबर ने लिख भेजा कि, -

सबै भूमि गोपाल की यामें अटक कहा।<br>
जाके मन में अटक है, सोई अटक रहा॥

न उत्पन्न कर सका। प्राचीन प्रणालीवाले पुराने भावों का चर्वित चर्वण करते रहे, और नवीन प्रथावाले अपनी प्रणाली स्थापित करने में ऐसे संलग्न रहे कि बढ़िया साहित्य बनाने में नितान्त असमर्थ हुये। समय के साथ भाषा का गाम्भीर्य अवश्य वृद्धिगत होता गया तथा नव्य प्रणाली दृढ़तर होती गई और नवीन उन्नतिशील भाव बढ़ते गये, किन्तु साहित्यिक गौरव का अभाव सा रहा। परिवर्त्तन काल की कृतियों का प्रभाव हिन्दी साहित्य के इतिहास पर तो अच्छा पड़ा, किन्तु वह साहित्य गरिमा में शून्यप्राय है। सदासुखलाल और सदलमिश्र संस्कृत शब्द मिश्रित पूर्बीपन युक्त हिन्दी लिखते थे, इंशाअल्ला उर्दू मिश्रित और लल्लूजीलाल व्रजभाषा मिश्रित। आगे चलकर ईसाई उपदेशकों ने सदासुखलाल तथा सदलमिश्र का अनुसरण करके विशुद्ध खड़ी बोली लिखी, जिसमें संस्कृत का भी अधिक मेल न था। राजा शिवप्रसाद ने इंशाअल्ला की अनुप्रासपूर्ण प्रथा तो छोड़ दी, किन्तु उर्दू मिश्रित प्रणाली को सत्कारा। स्वामी दयानन्द तथा राजा लक्ष्मणसिंह ने संस्कृत शब्द युक्त प्रणाली का ही आदर किया। फुल्लौरीजी पंजाबी ढंग लिये हुये अच्छी हिन्दी लिखते थे। बालकृष्ण भट्ट उत्पन्न तो परिवर्त्तन काल में हुये तथा इनकी कुछ रचना इसी काल में होने से इनका कथन इसी में किया गया है, किन्तु वास्तव में इनका विकास वर्त्तमान काल में हुआ। इनकी भाषा उर्दू तथा संस्कृत शब्द मिश्रित विशुद्ध हिन्दी है। अतएव देखा जाता है कि हिन्दी गद्य की भाषा का प्रश्न परिवर्त्तन काल ही में निर्णीत हो गया था। स्वामी दयानन्द यद्यपि मुख्यतया धर्मोपदेशक थे, तथापि लेखक भी साधारण न थे। धर्मोपदेशक हमारे यहां प्रायः दो प्रकार के होते आये हैं, एक तो गौतम बुद्ध, महावीर तीर्थंकर, गोरखनाथ, कबीरदास, दादूदयाल आदि की भांति मत प्रचारक और दूसरे स्वामी शङ्कराचार्य, रामानुजाचार्य, रामानन्द, तुलसीदास आदि की भांति धर्म सुधारक और उपदेशक मात्र। बाबा नानक थे तो दूसरी ही प्रणाली के किन्तु

was still attainable despite the unparalleled eminence of Valmiki. His language has a more conscious grace, a more elaborate ornamentation, and a larger economy of words, if it has less directness and freshness and flow. He has rendered and interpreted in his work the complexity and variety of his great and cultured epoch and hence he has given to us a wider variety of themes and aspects than the older poet has done, though none of the creations of Kalidasa can come anywhere near the supreme characters delineated in the poem of Valmiki.

I have shown above how Kalidasa's age was a great and aspiring age though it could not stand comparison with the age of Rama Rajya and the epoch of Yudhishthira. In some respects Indian civilisation had achieved new elements of glory and grandeur, though in some other respects such as sublimity of ethical life and sweetness of spiritual life there was a decline. The age of Vikramaditya was one of the greatest epochs in all history and was one of the most dazzling epochs of Indian history. Kalidasa felt all the higher influences of his age, and his keen and sensitive and richly endowed mind enabled him to meet the glorious environ-

मुख्यता यह है कि नवीन प्रणाली को आपसे भारी बल मिला। जातीयता पूर्ण साहित्य हमारे यहां पहले पहल आपही ने पूर्ण बल के साथ बनाया। आपके नाटकों में कई विषयों पर रचना हुई तथा गद्य को भी आपसे अच्छी दीप्ति प्राप्त हुई। आपका समय १८५० से १८८४ तक है। आप एक बड़े ही ज़िन्दा दिल पुरुष थे। नाटकों में आपने कई मौलिक रचे और कितने ही अनुवाद। इन्हीं के समय से हमारी जातीयता जाति से हटकर देश प्रेम की ओर चलने लगी, और हिन्दीसाहित्य ने मानो नये मार्ग देखे। ऐतिहासिकों में इस काल मुन्शी देवीप्रसाद जोधपुरवाले तथा राय बहादुर महामहोपाध्याय पं० गौरीशङ्कर हीराचन्द ओझा अजमेर निवासी प्रमुख हैं। मुन्शीजी ने विशेषतया मुसलमानी काल के कई हिन्दू और मुसलमान महापुरुषों के छोटे बड़े जीवन-चरित्र लिखे तथा हिन्दी साहित्य के इतिहास पर भी कुछ परिश्रम किया। ओझाजी पुरातत्व विभाग के पदाधिकारी तथा भारतीय इतिहास के प्रेमी हैं। आप ने इस विषय पर परिश्रम करके कई उत्कृष्ट ग्रन्थ लिखे हैं। प्राचीन प्रथा के कवियों में इस काल रसिकेश, ललित, हनुमान, राय देवीप्रसाद पूर्ण और बाबू जगन्नाथदास रत्नाकर गिनाये जा सकते हैं। रत्नाकरजी ने बिहारी और सूरदास पर भी श्रम किया। पं० गोविन्दनारायण मिश्र और पं० महावीर प्रसाद द्विवेदी ने हिन्दी भाषा को संस्कृत करने का भारी प्रयत्न किया, अर्थात् उसे नियमबद्ध बनाना चाहा। मिश्रजी ने विभक्ति प्रत्यय पर एक ग्रन्थ रचा। आप संस्कृत के कुछ नियमों को हिन्दीपर लागू करना चाहते हैं, अर्थात् मानो रामस्य संस्कृत का एक शब्द होने से रामका को भी दो शब्द न मानकर आप एक ही मानना चाहते हैं। द्विवेदीजी की इच्छा है कि हिन्दी लेखकगण शब्दों के प्रयोगों तथा रूपों में संस्कृत नियमों का उल्लङ्घन न करैं। इन बातों से साहित्यिक हिन्दी संस्कृत की भांति जटिल होकर मृत भाषा हो जावैगी, ऐसा भय है।

those ancients who thirsted for the nectar of the Full, the *Undivided*. If we can preserve our simple reverence and hearty homage for the brotherliness, love of truth, wifely devotion, servants' loyalty depicted in its pages, then the pure breeze of the Great Outer Ocean will make its way through the windows of our factory-home." Tagore shows also how we are doing an injustice to Kalidasa by regarding him as a poet of mere aesthetic enjoyment. He says that in Kalidasa, as in Vyasa and Valmiki, we find the shrine of renunciation set as the object of adoration in the very palace of sense-delights. Mr Aurobindo Ghose says: "Kalidasa is the great, the supreme poet of the senses, of æsthetic beauty, of sensuous emotion. The delight of the eye, the delight of the ear, smell, palate, touch, the satisfaction of the imagination and taste are the texture of his poetical creation and into this he has worked the most beautiful flowers of emotion and sensuous ideality." This fine passage errs by over-statement. He himself says that Kalidasa's sensuousness is not "heavy with its own dissoluteness, heavy of curl and heavy of eyelid, cloyed by its own sweets, as the poetry of the senses usually is". In Tagore's words Kalidasa's sensuousness

४५०० हिन्दी लेखकों के नामों और ग्रन्थों के समालोचना और जीवन-चरित्र गर्भित कथन हैं। इधर रायबहादुर बाबू श्यामसुन्दरदास, श्रीयुत सूर्य्यकान्त शास्त्री, पं० रामचन्द्र शुक्ल, तथा पं० रामशङ्कर शुक्ल ने भी इसी विषय पर ग्रन्थ लिखे हैं। पं० अयोध्यासिंह उपाध्याय ने भी इस विषय पर एक ग्रन्थ बनाया है, यद्यपि अभी वह अमुद्रित है। साहित्य इतिहास के साथ समालोचना की भी परिपाटी हिन्दी में चल निकली है। इस विषय पर कई सुलेखकों ने ग्रन्थ बनाये हैं, तथा हिन्दी के पत्र पत्रिकायें भी इस काम को करती हैं। फिर भी अभी हमारा समालोचना विभाग बहुत अपूर्ण है। समालोचना के प्रबल पड़ने से साहित्य की उन्नति अच्छी हो सकती है, क्योंकि उसके द्वारा अच्छे ग्रन्थों का मान बढ़ता तथा बुरों का चलन कम होता है।

कुछ योरोपियन लेखकों ने भी हिन्दी पर परिश्रम किया है। इनमें फ़्रेडरिक पिन्काट, ग्रोव्ज़ साहब तथा डाक्टर सर ग्रियर्सन प्रमुख हैं। पिन्काट साहब (जन्म १८३६) ने हिन्दी पर काम किया है और ग्रोव्ज़ साहब (जन्म १८६०) ने भी ऐसा ही किया तथा हिन्दी साहित्य का एक छोटा सा इतिहास भी अंगरेज़ी में लिखा है। डाक्टर ग्रियर्सन साहब अँगरेज़ों में हिन्दी पर बड़े भारी कार्यकर्त्ता हैं। माडर्न वर्नैक्युलर लिटरेचर आव् हिन्दुस्तान में आपने हिन्दी कवियों का समालोचना गर्भित इतिहास सरोज के आधार पर तथा अपनी ओर से भी भारी खोज करके लिखा है, अथच लिंग्विस्टिक सर्वे आव् इण्डिया में प्रचुर परिश्रम करके भारतीय भाषाओं का विद्वत्तापूर्ण वर्णन किया है, जिसमें आपने सिद्ध किया है कि हिन्दी राष्ट्र भाषा है। कई अन्य योरोपियन सज्जन भी हिन्दी पर विशेष ध्यान देते हैं। नाटककार इस काल कई हो गये है, और हैं। हमारा यह विभाग पूर्ण तो नहीं है किन्तु पहले के देखते वर्त्तमान काल ने इसकी उन्नति बहुत अच्छी की है। इस काल के प्राचीन नाटककारों में भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र, चौधरी बदरीनारायण, श्रीनिवासदास आदि

science and democracy and nationalism We must therefore be prepared to find in him a summation and an expression of the new forces surging through the land and we find these forces expressed in his art with remarkable power

That is why Tagore, while he has all the sensuous sweetness of Kalidasa combined with his clarity and wisdom and spiritual elevation and harmony, has other special excellences of his own due to the forces which have been operative in the culture of India since the time of Kalidasa He has not the great and inevitable artistic instinct of Kalidasa He has not got the elder poet's perfect poise and balance and power held in reserve and under control He has not got Kalidasa's dramatic skill and power of vivid characterisation Nor has he got Kalidasa's power of epic presentation It goes without saying that he has not got Valmiki's directness and freshness and limpid flow and power of presentation of ideal and heroic figures But he has a more varied music His lyric range is wonderful and his power of capturing fugitive loveliness and universal emotion and presenting it in lovely verse is remarkable He has shaken himself free from the

उपाध्यायजी ने कई प्रकार का गद्य एवं पद्य लिखा है। पाठकजी ने व्रजभाषा में भी उत्कृष्ट रचना की है। गुप्तजी ने खड़ी बोली में कई बड़े बड़े ग्रन्थ बनाये हैं। निराला जी तथा पन्त जी भी उत्कृष्ट कवि हैं। वर्त्तमान काल के उत्कृष्ट गद्य लेखकों में ठाकुर गदाधर सिंह सचेंड़ीवाले, पं० गंगाप्रसाद अग्निहोत्री, बाबू श्यामसुन्दर दास, चतुरसेनजी शास्त्री, पं० भुवनेश्वर मिश्र आदि के नाम गिनाये जा सकते हैं। कई अन्य भी ऐसे ही सुलेखक हैं। आजकल विषयों का फैलाव हिन्दी में बहुत अच्छा हुआ है। राजनीतिक लेखकों में इस काल राजा रामपाल सिंह काला कांकड़ (१८४८-१९१०), महात्मा श्रद्धानन्द मुंशीराम (१८५८ जन्म काल), महामना मालवीय जी, लाला लाजपति राय आदि हुये। राजा साहब ने प्रचुर हानि सहकर दैनिक हिन्दुस्तान पत्र निकाला तथा कई अन्य लोकहित-साधक कार्य किये। महात्मा श्रद्धानन्द ने कांगड़ी में आर्यसमाज सम्बन्धिनी गुरुकुल संस्था स्थापित की, जिसमें सरकारी विश्वविद्यालयों से स्वतन्त्र, प्राचीन प्रथा पर नवीन प्रकार से अध्यापन होता है। इस संस्था से निकले हुये ब्रह्मचारी प्रायः देशप्रेमी होते हैं। इनके स्वदेश प्रेम के विचार आर्यसमाजवाले सिद्धान्तों के अनुसार उच्च कोटि के होते हैं, जिनमें मतभेद सम्भव है, किन्तु इन लोगों का स्वार्थत्याग तथा देशप्रेम सर्वथा मान्य है। यह एक बहुत ही लाभदायिनी संस्था है, जिससे देश का भविष्य बहुत कुछ समुज्वल हो सकता है। इन महात्मा जी ने खरे मुसलमानों तक को हिन्दू बनाने में भी सफलता के साथ प्रचुर परिश्रम किया और इसी आरम्भ में एक कट्टर मुसलमान युवक के हाथ से इनका वध हुआ। मुसलमान बने हुये हिन्दुओं को फिर हिन्दू बनाने में छत्रपति शिवाजी ने भी उदारतापूर्ण कार्य्य किया था। कुछ दिनों इस बात का बहुत बल रहा किन्तु अब ढिलाई देख पड़ती है। गुरुकुल की संस्था अब भी पूर्ण उद्योग के साथ चल रही है। इसके स्थापन

adam

## CHAPTER XV.

## Kalidasa's Influence on the World's Literature.

KALIDASA thus occupies a unique place in the literature of India and in the literature of the world. The ideal world of national literature is rich in proportion to the real world of national life. We cannot have an outer national life full of low aims and mutual strife and universal exploitation and yet achieve lofty ideals of high aims and endeavours and harmony and perfection in the world of art. It is by art and religion that man definitely raises himself above the sub-human kingdom into the kingdom of supermen and divine beings. Art implies imagination, and religion implies spiritual vision, and imagination and spiritual vision are the two divine faculties implanted in man. The greatest poets

प्राचीन और प्रतिष्ठित ब्राह्मण कार्यकर्त्ता हैं। आप हिन्दी गद्य लेखक, पत्र सम्पादक, और भारी देश सेवक हैं। आप भारतवर्ष के सबसे बड़े भिक्षुक माने गये हैं। सारे भारतवर्ष में घूम घूमकर आपने धन एकत्रित किया जिससे तथा कुछ सरकारी सहायता से काशी में सुविशाल हिन्दू शिश्वविद्यालय स्थापित किया है, जिसमें प्रायः छै सहस्र उच्च कक्षाओं के बालक शिक्षा पा रहे हैं। आपकी नीति नरम और गरम के बीच में समझी जाती है। बड़े विश्वासी हिन्दू होकर भी आप हरिजनों की उन्नति में यथावकाश योग देते हैं। अनेकानेक अन्य महाशय भी राजनीतिक कार्य किया करते हैं, जिन सबके कथन यहां अनावश्यक हैं, तथा मुख्य मुख्य नेताओं के यथावकाश आ भी जावेंगे। भारत में कई विश्वविद्यालय खुल गये हैं जिनसे देश में विद्या का अच्छा प्रचार है। इनसे हिन्दी हित भी कुछ न कुछ होता ही रहता है। आशा है कि भविष्य में इसकी मात्रा समुचित हो जावैगी तथा शिल्प व्यापार का शिक्षण बढ़ैगा।

आजकल संसार पर मुख्य साहित्यिक प्रभाव पत्रों का है। अतएव उनके वर्णन करने के पूर्व राजनीतिक एवं अन्य प्रमुख संस्थाओं का दिग्दर्शन आवश्यक है। पहले हम राजनीतिक सभाओं का कथन करते हैं। ऊपर कहा जा चुका है कि १८६१ में प्रथम भारतीय आईन सभा चली। अनन्तर १८९१-२ में उसका परिवर्द्धन हुआ तथा प्रांतीय सभायें भी स्थापित हुईं। १९१० में मार्लो मिंटो संशोधन आये जिनके द्वारा कौंसिल स्टेट भी जमी, तथा राजनीतिक सभाओं के अधिकार वर्द्धमान हुये। १९२१ में मांटेग्यू चेम्सफ़ोर्ड नामक सुधार किये गये जिनसे इन सभाओं के अधिकार और भी उन्नत हुये। इन दिनों चार पांच साल से फिर इस गहन विषय पर विचार हो रहा है तथा विलायत में तीन गोलमेज़ की सभायें हुई हैं, जिनमें प्रमुख अँगरेज़ों और कुछ भारतीयों ने मिलकर सुधार विषयक बहुत से विचार पुष्ट किये हैं, किन्तु जिनका कार्यरूप

and have become a portion of their higher utterance, and the extent to which his works are studied by young and old and form instruments of delight and upliftment to persons in diverse stages of life. Judged by both these tests Kalidasa occupies a very high place. Many of his pithy and wise verses have become a portion of the intellectual and emotional equipment of the people of India. The boys and girls of India literally lisp in his numbers, because the very first Sanskrit work which they study is his *Raghuvamsa*. And as we age in life and gather experience and tolerance and kindliness and composure of spirit and desire to attune ourselves more and more with the higher world of the spirit, the fascination of Kalidasa on our minds and hearts grows more and more. In the Upanishads, in the Ramayana, in the Gita, and in Sakuntala we seem to hear the authentic voice of our own higher self—a voice which "allures to higher worlds and leads the way".

That is the reason why Kalidasa has been such a powerful force in the world's literature. In my chapters on *Kalidasa's predecessors* and *Kalidasa's successors*, I have shown who influenced his genius, and who have been influenced by his genius here as

निर्णीत न हो सका, तब विलायत में सरकार ने इसका निर्णय कर दिया। इस आज्ञा से बहुत लोग असन्तुष्ट हैं और कुछ थोड़े से लोग यह भी समझते हैं कि किसी प्रकार झगड़ा तै होना ही ठीक है। इन्हीं दिनों हिन्दुओं में नीच समझी जानेवाली जातियों का भी असन्तोष प्रकट हुआ। इन्हें अब हरिजन कहने लगे हैं। यह मामला आईन सभाओं के लिये महात्मा गांधी के अनशन व्रत से निर्णीत हो गया है, किन्तु उनके हिन्दू देव मन्दिरों में जाने तथा अन्य सामाजिक अधिकारों के विषय में बहुत कुछ कार्य शेष है, जिसके विषय में सुधारकों तथा प्राचीन प्रथानुयायी हिन्दुओं में भारी मतभेद है।

सन् १८८५ में ह्यूम, वेडरबर्न तथा नौरोजी महाशयों ने सोचा कि राजनीतिक विषयों पर मतैक्य प्राप्त करने के लिये कोई संस्था आवश्यक है। प्रचुर प्रयत्न करके इन महाशयों ने १८८७ में भारतीय जातीय कांग्रेस नाम से एक संस्था स्थापित की जिसकी बैठकें तीन दिन प्रति वर्ष होने लगीं। कुछ दिनों तक सरकार की भी इससे गुप्त या प्रकट सहानुभूति रही, किन्तु पीछे से शीघ्रता पूर्वक इसकी मांगें बढ़ती गईं, जिससे सरकार से इसका कोई विशिष्ट सम्बन्ध न रहा। १९०५ में वंग देश के दो ऐसे प्रान्त बनाये गये जो बंगालियों को बहुत नापसन्द थे। इस पर उन लोगों ने घोर आन्दोलन मचाया। अन्य प्रान्तवाले राजनीतिकों ने भी उनका थोड़ा बहुत साथ दिया। इस आन्दोलन से कांग्रेस का बल बढ़ा। सन् १९११ में सम्राट् के दिल्लीवाले मुकुट धारण के दरबार में वंग विच्छेद का झगड़ा समुचित रीत्या निर्णीत हो गया। सन् १९०७ तक कांग्रेस बहुत करके नरम दल के हाथ में रही। इसके नेता समय समय पर श्रीमान् दादा भाई नौरोजी, सर फ़ीरोज़शाह मेहटा, और अन्त में गोखले महाशय रहे। उधर लोकमान्य तिलक के नेतृत्व में भारत में एक गरम दल कुछ साल से स्थापित हुआ था, और १९०७ के पीछे कांग्रेस में इसी का प्रभाव हो गया। दोनों दलों में १९०७ की सूरत सभा में कुछ झगड़ा भी हो

If India's need of Kalidasa is great, the need of Kalidasa by the rest of the wide, wide world is even greater. He has shown to the literature of the world that the highest literary ideal is not the Greek ideal of absorption in the life of the senses and the mind. He has shown how this life on the earth is the vestibule of a nobler and higher spiritual life. At the same time his self restrained charm and composure of expression will be a corrective to that riot of thought and expression which sometimes pains our spirit in the best masterpieces of the literatures of the world. From him those literatures can learn how to harmonise the life of man and the life of nature and how the higher ideal is not conquest of nature but communion with nature. From him they can learn how to comprehend and teach a higher social order and a higher ideal of national life and international life. They will learn from him to "control rebellious passion" and to realise that the Gods approve the depth, and not the tumult, of the soul". More than anything else they can, by means of an assimilation of his ideas, rise to a higher sense of the spiritual values in life and make life more full of the love of God and of the grace of God. Well

उपरोक्त विवरण से प्रकट है कि कुछ वर्षों से हिन्दू समाज का ध्यान धार्मिक जातीयता से उचट कर राजनीतिक पर लग गया है। इसका मुख्य सूत्रपात्र साम्राज्ञी की १८५८ वाली घोषणा से हुआ, जिसमें विलायती और भारतीय प्रजा को समान मानने का वचन दिया गया। पहले तो इस पर किसी ने विशेष ध्यान नहीं दिया, किन्तु पीछे से कुछ लोगों को समझ पड़ा कि विविध प्रजाओं में समता का व्यवहार कथन में तो आया, किन्तु कार्यरूप में परिणत न हुआ। अधिकतर समाज पहले इन विचारों से असम्बद्ध थी और अपने प्राचीन धार्मिक सिद्धान्तों, गोरक्षा, मोहर्रम दशहरा के कभी कदास होनेवाले झगड़ों आदि में मस्त थी, किन्तु थोड़े से शिक्षा गृहीत भारतीयों को समझ पड़ने लगा कि वास्तव में हमारे ऊपर सम्राट् का निजी शासन न होकर ब्रिटेन की प्रजा द्वारा नियोजित अफ़सरों भर का है। इस प्रकार व्यक्तिगत शासन के स्थान पर उन लोगों को एक देश पर दूसरे देश भर का शासन देख पड़ने लगा। यही विचार वहुत करके राजनीतिक जातीयता की उत्पत्ति का कारण हुआ। कांग्रेस ने इसे वढ़ाया तथा नौरोजी महाशय ने एक साल अपने सभापतित्व में प्राचीन नियम समुदाय के आधार पर यह मत प्रकट किया कि भारतीयों को वास्तव में नियमानुसार स्वराज्य मिल चुका है, किन्तु शासकों की दुर्नीति मात्र से वह कार्य रूप में प्राप्त नहीं होता। समय पर ऐसे विचारों के वल पकड़ने पर १९१७ में सम्राट् ने भी लक्ष्यरूप से मान लिया कि भारत में प्रतिनिधि शासन का प्रचार समय पर होगा। इसी कथन के अनुसार १९२१ में राज्यप्रणाली में कुछ उन्नति हुई, किन्तु कुछ लोगों का विचार है कि इस १९१७ वाले वचन का भी यथावत पालन नहीं होता है। १८५८ के पीछे इसी प्रकार के विचार तथा आदर्श देश में चल रहे हैं। कोई इनके अनुकूल सम्मति प्रकट करता है और कोई प्रतिकूल। अँगरेज़ों द्वारा धर्म, स्त्री समाज, आदि पर कोई

## CHAPTER XVI

### Conclusion.

THIS work has now come to a close I began it as a brief volume but it has grown of its own accord into a bigger work The works of Kalidasa have been a daily delight to me and have given me a large measure of comprehension and consolation and composure in life Perhaps to minds not so consciously attuned to him or to India as a whole, my language may appear to savour of extravagance But when he is read often with critical yet loving joy, his charm and fascination will grow, and then perhaps my work will have a readier approbation Indian literature is on its trial to day Adverse influences are abroad to discredit Indian literature as well as Indian life and ideals as a whole No community can maintain its place in the sun which does not give its meed of service to the universal life and which does not win its just

परीक्षाओं तक में हिन्दी को मान मिल चुका है। हिन्दुस्तानी एकेडेमी सरकार की कृपा से अलाहाबाद में स्थापित है, और हिन्दी उर्दू की उत्कृष्ट पुस्तकें प्रकाशित करने, पारितोषिक देने, तथा अन्य भलाइयों में प्रयत्नशील रहती है। श्रीमान् शारदाचरण मित्र, भूतपूर्व हाईकोर्टके जज बंगाल, ने भी नागरी लिपि के प्रचार में अच्छा प्रयत्न किया। आपका सिद्धान्त था कि यदि बंगला, मराठी, गुजराती, पञ्जाबी, तामिल, तेलेगू आदि भाषायें नागरी लिपि में लिखी जाने लगें, तो भारत में एक लिपि विस्तार के साथ एक भाषा का भी प्रचार समय पर होकर हिन्दी अपने उचित राष्ट्रभाषावाले उच्चासन पर आसीन हो जावै। इस अभिप्राय से आपने कई वर्ष देवनागर नामक मासिक पत्र निकाला, जिससे अच्छी देश सेवा हुई। शोक है कि यह उपयोगी पत्र बन्द हो गया है। आजकल विहार, मध्यप्रदेश, तथा कई देशी रियासतों के न्यायालयों में नागरी लिपि का मान है। युक्तप्रान्त ने भी इस विषय को छुआ है, किन्तु नाम मात्र को।

अब हम अपने पत्र पत्रिकाओं का कुछ विवरण देते हैं। भारत का पहला पत्र कलकत्ता गज़ट था। स्वतन्त्ररूप से यहां १७८० में हिकीज़ बंगाल गज़ट निकला। ईसाइयों ने समाचार दर्पण १८१८ में निकाला, तथा १८२२ में बम्बई समाचार निकला। १८३३ में उर्दू का पहला पत्र निकला जिसका नाम शायद उर्दू अख़बार था। इसके पीछे उर्दू के कई पत्र निकले और अब भी निकल अथवा चल रहे हैं। हिन्दी का पहला पत्र बनारस समाचार १८४५ में राजा शिवप्रसाद सितारेहिन्द ने निकाला। इसकी भाषा लोगों में निन्द्य मानी गई। १८६८ में भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र ने कवि वचन सुधा नाम्नी पत्रिका निकाली। १८७१, १८७२, और १८७६ में क्रमशः अलमोड़ा समाचार, विहार बन्धु, तथा भारतबन्धु नामक साप्ताहिक पत्र निकले। अनन्तर मित्र विलास, सार सुधानिधि, उचित वक्ता, भारत मित्र, वेंकटेश्वर आदि का क्रमशः उदय हुआ। आजकल प्रताप,

"Kalidasa! Thou shouldst be living at this hour,
India hath need of thee: she is a fen
Of stagnant waters. Altar, sword and pen,
Fireside, the heroic wealth of hall and bower,
Have forfeited their ancient Indian dower
Of inward happiness. We are selfish men,
Oh! raise us up, return to us again;
And give us manners, virtue, freedom, power".

I have shown above what is gatherable about *Kalidasa the man despite the life-obscuring and myth-making activities of time.* I have shown also what forces influenced his genius and in what direction he influenced the later life of the world. I have tried to assess the value of each of his immortal works. I have assayed the task of revealing his many-sided genius—his concepts of Æsthetics, his vision of nature and beauty and love, his ideals of manhood and womanhood, and his social and political and spiritual ideals. I have tried to show the spiritual kinship between him and the earlier and later bards of India. I have sought also to realise and express his place in universal life and literature. As I have observed in my work on Tagore: "In him (Kalidasa) we have the supreme

समीक्षा मात्र से है। यही सिद्धान्त ग्रन्थ के सभी वर्णनों में चला है। यदि हिन्दी के पत्र मूल्य बढ़ाकर उच्च कोटि के दैनिक निकालें, तो जनता में शायद उनका तथा हिन्दी भाषा दोनों का मान बढ़े, किन्तु इसमें धन सम्बन्धी हानि की सम्भावना विशेष है। अभी तक जो दशा है, उसका फल यह है कि हिन्दी पत्रों का प्रभाव, नगरों तथा अँगरेज़ी पढ़े विद्वानों पर शून्यप्राय है, किन्तु नगरों के बाहर ग्राम्य जनता पर विशेष है। पहले हिन्दी पत्र सनातन धर्म, सामाजिक सुधार की प्रतिकूलता, तथा भली बुरी सभी प्राचीन प्रथाओं के समर्थन मात्र में प्रायः अपना पूरा कलेवर भरते थे। समय के साथ इनमें कुछ कमी आ गई और राजनीतिक विषयों की प्रधानता हुई है, तथा होती जाती है। दैनिक, साप्ताहिक, अर्द्ध-साप्ताहिक, आदि पत्रों की संज्ञा स्थायी साहित्य में नहीं है। इनका काम आन्हिक ज्ञान एवं प्रभाव वृद्धि मात्र का है। मासिक पत्र स्थायी और अस्थायी लेखों के बीच में हैं, तथा पुस्तकें स्थायी साहित्य का अंग हैं। अस्थायी साहित्य तथा उपदेशकों का प्रभाव अशिक्षित जनता पर जितना पड़ता है, उतना स्थायी का नहीं पड़ता। बहुत से हिन्दी और उर्दू पत्र लोगों की अनुचित प्रशंसा तथा निन्दा करके अपना कालक्षेप करते हैं। वे एक प्रकार के चोर या सीने ज़ोर हैं, जो ज़बरदस्ती धनवानों को दिन दहाड़े उनकी बुराइयों के प्रकटीकरण की धमकी द्वारा लूटते हैं। इनका वर्णन साहित्य से असम्बद्ध है, और यह एक प्रकार का रोज़गार है, जिसे अँगरेज़ी में ब्लैकमेल कहते हैं। हिन्दी पत्रों में प्राचीन विचारों का अत्यधिक मान कुछ कम हुआ है, किन्तु है अब भी। हमारे प्राचीन प्रथानुयायी पत्रकार प्राचीनों के विचार अपनी ही सम्मति समझते हैं और नवीन सिद्धान्तों की शत्रुता अपना परम धर्म मानते हैं। बड़े आदमियों के सभी विचारों के समर्थन को ही वह पाण्डित्य की सीमा मान बैठे हैं। ऐसी संकीर्णता कुछ कम हो गई है किन्तु अब भी बहुत अंशों में प्रस्तुत है।

does not understand Kalidasa—the spirit of Asia". The contribution of Asia to the intellectual and moral and spiritual life of the universe has been immense and unique. She *has been the mother* of empires and religions. There is to-day a great resurgence of the higher life in Asia Europe and Asia and America and the other portions of the world are now linked up in a manner unknown and unfelt in the past. Who can better voice the heart of the New World to itself than Kalidasa. In short, Asia is the heart of the world; India is the heart of Asia; and Kalidasa is the heart of India. He alone can bring about the union of the higher thought and the higher speech of universal Man, because he has sung in his immortal poem—we cannot conclude a work on Kalidasa better than with that immortal stanza—that for the attainment of the higher speech and the higher thought we should bow to the divine parents of the universe—Parvati and Paramesvara—who are in loving and intimate and inseparable union and communion like Speech and Thought.

वागर्थाविव संपृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये ।
जगतः पितरौ वन्दे पार्वतीपरमेश्वरौ ॥

कुछ वाह्य सैनिकों ने हमारे सैनिकों से कहा कि हो तो यार तुम भी अच्छे, फिर अपनी राजनीतिक स्थिति तथा देशीय दशा क्यों नहीं सुधार पाते? यही मसल हमारे लोगों को स्मरण आई कि 'मनई कैसे हाथ पायँ औ मनई कैसी काया। चारि मास चौमासा बरसा मन्दिर क्यों नहिँ छाया'? अनन्तर जापान ने जो चीन और रूस को पराजित किया, उससे हमारे सैनिकों तथा लोगों के भी उत्साह बढ़े। इधर १९१४ से १८ वाले महायुद्ध में इन्होंने भी फ्रांस, टरकी, मेसोपोटैमिया आदि में युद्ध किया। इस महायुद्ध से संसार में मानो युगान्तर हो गया। अनेकानेक राजों, महाराजों की गद्दियां ताशों के घरों सी उलट गईं। आत्म निश्चित राज्य प्रणाली के मन्त्र को संसार में घोषणा हुई। अमेरिकाको नवीन देश मिल सकते थे, किन्तु उसने शासनभार के उत्तरदायित्व को समझकर उन्हें न लिया और सुख से औरों को लेने दिया। प्रत्येक शासक शक्ति का कर्त्तव्य सा समझा जाने लगा कि शासितों के लाभार्थ ही शासन हो। भारत में भी १९१७ में प्रतिनिधि शासन के अन्तिम ध्येय की घोषणा हुई। लोगों मे भारी सनसनी फैली। कांग्रेस वाले मुँह फैलाने लगे। रूस में ज़ार के समाप्त होने से प्रजातन्त्र राज्य तो हुआ ही, अथच सम्पत्ति देश भर की मानी जाकर साम्यवाद निकला, जिसका प्रयोजन यह है कि देश भर के प्रत्येक पुरुष को जो आय अथवा सारी सम्पत्ति है, वह सब की सब पंचायती होकर सबकी समझी जावे, और उससे सभों की उचित आवश्यकताओं की पूर्ति हो। सम्पत्ति, व्यक्ति और समाज सम्बन्धी नये विचार स्थापित होने लगे। ये सब थे विलायत में भी, किन्तु कार्यरूप में पहले पहल रूस में गत महायुद्ध के पीछे चले। सारा रूस मानो सम्मिलित हिन्दू कुटुम्ब हो गया। लोगों का विचार था कि इस प्रथा में प्रत्येक मनुष्य मानो अमानी का मज़दूर होगा, क्योंकि जब अपने खेतों आदि की

बहुत उठा था, यद्यपि अब कुछ शान्त है। कांग्रेस ने इस विषय पर कोई दृढ़ मत प्रकाश नहीं किया है, किन्तु बहुत से कांग्रेसवालों का पक्षपात साम्यवाद की ओर है, जिससे उनके साथ पूंजीपतियों का विरोध अवश्यम्भावी है। उधर हरिजनों के उठाने में कांग्रेस जो प्रयत्न करती है, उससे समाज का प्राचीन धार्मिक भाग सम्भवतः उसके प्रतिकूल हो जावेगा। अतएव कांग्रेस इस काल असहयोग के कारण सरकार के प्रतिकूल है, हरिजनों के कारण प्राचीन धर्माभिमानियों के तथा साम्यवाद से सहृदयता के कारण पूंजीपतियों के। इन तीन विरोधों के धक्कों को बचाकर भविष्य में कांग्रेस का बल कहां तक रहेगा, यह आगे आनेवाली बात है। कुछ लोगों द्वारा समझा जाता है कि अन्ततोगत्वा कांग्रेस की पूंजीपतियों से न बिगड़ैगी और किसी न किसी प्रकार इन दोनों में सन्धि हो जावैगी। यह भी कहा जाता है कि प्राचीन परिपाटीवाले हरिजनों के मामले में इच्छा तो रखते हैं, किन्तु संगठनाभाव तथा अनुत्साह से कुछ कर दिखलाने का उनमें सामर्थ्य नहीं है और उनका पक्ष भी धर्म विहीन है। इन प्रश्नों का उत्तर भविष्य देगा।

कांग्रेसवालों ने अपने विचार से देश सेवा की धुन में कष्ट बहुत सहे हैं, और सह रहे हैं। उनके हज़ारों लोग जेल में हैं, तथा अन्य प्रकार से भी आत्मवलि कर रहे हैं। उनके बहुत से विचार अन्यों को वर्तमान दशा में असम्भव समझ पड़ते हैं। देश में नरम और गरम नामक दो दल हैं। कांग्रेस गरम दल के पक्ष में है। बहुतेरे नवयुवकों के आगे स्वयं महात्मा गांधी नरम दल में देख पड़ने लगते हैं। कुछ अधीर नवयुवक क्रांतिकारी भी हो गये हैं। सरकार उनका प्रबन्ध कर रही है। इस काल समाज पर कांग्रेस का प्रभाव बढ़ा हुआ है। यह सब मानते हैं कि शक्ति प्रयोग द्वारा सरकार से जीत नहीं हो सकती। विज्ञान अब इतनी उन्नति कर चुका है कि एक एक अस्त्र से एक एक दो दो मुहल्ले ऐसे नष्ट हो सकते हैं कि उतने क्षेत्रफल में एक भी जीवधारी न बच रहे। कट्टर से कट्टर कांग्रेसवादी

शक्ति प्रयोग से विजय की आशा नहीं करता। उनका विचार है कि यदि भविष्य में फिर महायुद्ध हुआ, तो सरकार को दबकर हमें स्वराज्य देनी ही होगी। उधर अन्यों को समझ पड़ता है कि महा-युद्ध का बाप आजावे, तो भी संगठनाभाव से भारतीय समाज में इतनी शक्ति नहीं है कि सरकार को दबाकर कुछ कर सके। वे सोचते हैं कि कांग्रेस मतवाले नेताओं के लाख प्रयत्न करने पर भी भारतीय सैनिक सरकार की युद्ध में सहायता करेंगे, क्योंकि और नहीं तो बहुतेरी भारतीय जातियों का लड़ना रोज़गार ही है, और वेतन ही के लिये वे युद्ध में जाने को सन्नद्ध होंगे। कांग्रेस पक्षी यह भी समझते हैं कि आगे के युद्ध में जो कुछ हो सकेगा, वह तो गोश्रृङ्ग पर सर्षप मात्र है, जो न जाने कहां गिरे, किन्तु आज भी व्यापारी माल के बहिष्कार से अँगरेजों को इतनी हानि पहुँचाई जा सकती है और असहयोग द्वारा राजसंचालन इतना कठिन किया जा सकता है कि झकमार कर सरकार स्वराज्य देगी। यह सब बातें अन्ततोगत्वा सरकार की भलमन्सी पर निर्भर हैं, क्योंकि सोचा जाता है कि हज़ारों लाखों का वध सरकार कभी न करेगी, चाहे देश छोड़ ही देना क्यों न पड़े। ऐसा करने से अपयश भी बहुत सम्भव है। यह कहना कठिन है कि लोगों के विचारों में कहां तक सार है। हमारी बृटिश सरकार के अनेकानेक उपनिवेष हैं, जिनमें से बहुतों को वह सुख-पूर्वक स्वराज्य दे चुकी है, तथा कुछ इतरों को देना चाहती है, किन्तु भेद इतना है कि वहां योरोपीय जनता का प्राधान्य होने से सरकार का उनसे अधिक मतभेद नहीं है। इधर भारत का सरकार से एक तो जाति एवं धर्म का भारी भेद है, दूसरे अन्य देशों से सरकार का जैसा व्यवहार है, भारत के उन देशोंवाले व्यवहार दूसरे प्रकार के होंगे, ऐसा भय है। फिर भी मुख्य बात यह है कि भारत में जन संख्या भारी होने से ब्रिटेन का उससे व्यापारादि से अनेक प्रकार का लाभ है। भारत के हाथ में बल आ जाने से उस व्यापार में

क्षति आ जावैगी, जिससे ब्रिटेन को भारी हानि हो सकती है। इसी प्रकार के अनेकानेक प्रश्न हैं, जिन पर ध्यान देकर तब कुछ हो सकता है। वोटावा में इन दिनों जो व्यापार सभा हुई थी, उसका भी प्रयोजन सरकार की उपनिवेशों से व्यापार वृद्धि है। इसमें भारत को हानि हुई है ऐसा कहीं कहीं समझा जाता है।

भारत में वहुत दिनों से शान्ति होने से जन संख्या वहुत वढ़ गई है, किन्तु व्यापार में वृद्धि के स्थान पर कमी है। इससे वहुत से भारतीयों को व्यापारिक दिक्कतें हैं और लोगों को काम नहीं मिल रहा है। शिक्षालयों की भारी वृद्धि से शिक्षित लोगों को संख्या देश में वहुत वढ़ी है। वे लोग खेती करना चाहते नहीं और अन्य कार्य पाते नहीं। इससे वेकारी की भारी वृद्धि हुई है। जिन जिन के पास कारणवश खाने को काफ़ी नहीं है, वे सव स्वाभाविक रीति से असन्तुष्ट हैं। अतएव आजकल भारत में जो अशान्ति फैली हुई है, उसके दो विभाग हैं, अर्थात् एक तो विद्वान सम्पन्न लोगों का जो अपने को योग्य देखकर भी अपना प्रभाव देश विदेशों में कम पाकर वर्त्तमान राजनीतिक व्यवस्था से असन्तुष्ट हैं, और दूसरे भूखे लोग जो जठराग्नि की अशान्ति से भात ही भात पुकारते हैं। पहली श्रेणी में वहुतेरे व्यापार शून्य विद्वान् भी सम्मिलित हैं। जैसी दशा भारत में आजकल संसार शक्तियों के कारण है, वैसी भूतकाल में कभी हुई नहीं। सांसारिक सभ्यता के वहुत वढ़ जाने से प्रत्येक देश के भले वुरे कार्यों के फलों का परिधि वहुत वढ़कर, उस देश की सीमाओं के आगे निकल कर, संसार व्यापी सा हो गया है। इसलिये इस वढ़ी हुई अशान्ति के आगे राज्य, सम्पत्ति, धर्म, सम्वन्ध, आदि किसी का भविष्य संशयहीन नहीं देख पड़ रहा है। इन अभूतपूर्व वढ़े हुये झमेलों का क्या परिणाम निकलेगा, सो कोई समझ नहीं सकता। गत महायुद्ध के पहले देश कुछ और था, और अव कुछ और ही दिखता है। पहले तो वड़े दिनों की छुट्टियों में कांग्रेस जाकर लोग मेला सा देख आते

थे, किन्तु अब न केवल सरकार के अधिकारों पर दांत लगा हुआ है, वरन् सम्पत्ति, कौटुम्बिक गुरुता, धर्म, भाषा, आदि सभी में काया कल्प सा देख पड़ता है। वकीलों, डाक्टरों, शिक्षित व्यापारियों आदि के प्राधान्य से, विशेषतया वकीलों के कारण देश में नये विचार और आचार परम शीघ्रता से फैल रहे हैं। जिन कुछ बातों को लोग पहले बहुत बुरी समझते थे, वही अब श्रेष्ठाचार में आ गई हैं, और उनके करनेवालों का समाज मान करने लगा है। जाति पांति का बल कम हो रहा है। ब्राह्मणों को प्रणाम करनेवाले नगरों में देख ही नहीं पड़ते। सारांश यह कि बहुत बातों में नया समाज सा स्थापित हो रहा है। इतना सब होते हुये भी यह और समझ पड़ता है कि हिन्दू जाति मुख्यतया धीरे चलनेवाली है। वह जल्दी से आंख बन्द करके अँधेरे में कूदनेवाली नहीं। मुसलमान लोग अनेक कारणों से सरकार के पक्ष में हैं, और देश प्रेमपूर्ण परिवर्तन की ओर झुके हुये नहीं दिखते। उनमें भी कुछ लोगों का रुचि इस ओर आती देख पड़ती है, किन्तु उनका कार्यक्रम बदलने की ओर कम है। साम्यवाद आदि जड़ पकड़ते हिन्दुओं में भी नहीं समझ पड़ते।

सांसारिक विषयों का इतना वर्णन करके अब हम फिर अपने साहित्य पर आते हैं। हमारा हिन्दी साहित्य इस काल दो प्रणालियों पर चल रहा है, अर्थात् नव्य और प्राचीन। प्राचीन प्रथा व्रजभाषा के सहारे चलती है, किन्तु उसमें भी शृङ्गार कविता कम हो गई है, और जातीय भावपूर्ण विचार अधिकता से आने लगे हैं। आजकल के कवि-सम्मेलनों में जाकर कभी कभी बड़ा आश्चर्य सा हो जाता है, कि देखने में ग्राम्य जीवनवाले, अँगरेजी भाषा न जानते हुये ब्राह्मण लोग तक हरिजनों आदि के पक्ष में छन्द पढ़ जाते हैं, और वर्तमान जातीय विचारों के प्रतिकूल तो कभी कोई नहीं बोलता। साधारण जन समुदाय की कार्यवाही अनुदार आशय पूर्ण बहुधा देख पड़ती है, किन्तु आजकल की साहित्यिक

रचनाओं में अनुदार आशयों का समर्थन कहीं नहीं मिलता। कुछ दिन समस्यापूर्त्ति की चाल बहुत चली थी, और ऐसे कई पत्र भी निकलते थे। अब यह बात नहीं है। जहां कहीं कवि सम्मेलनों आदि में समस्यायें दी जाती हैं, वहां भी कोई उनकी बहुत परवाह नहीं करता है, और भावों की प्रबलता रहती है। शृङ्गारात्मक मुक्तक छन्द कुछ अवश्य बनते हैं, किन्तु ऐसे ग्रन्थों का बनना अब बन्द सा हो गया है। अब तो कविगण प्राचीन बुराइयों के छोड़ने, उपरोक्त राजनीतिक झमेलों, वीररस, देशप्रेम आदि में लगे हुये हैं, और उनकी कृतियों का प्रभाव बहुत करके देशप्रेम वर्द्धन में पड़ता है।

नव्य प्रणाली के कवि गण प्रायः खड़ी बोली में रचना करते हैं। इनके साहित्य में नये विचार अधिक प्रचुरता से आते हैं। इन लोगों ने शृङ्गार काव्य को छोड़ ही सा दिया है। वर्ड्सवर्थ, शेली, कबीर, टैगोर आदि महाशयों के से विचार इनमें बहुत अधिकता से पाये जाते हैं। प्रकृति निरीक्षण की भी इनमें अच्छी प्रणाली है। देश प्रेम, जातीय प्रेम, सांसारिक उन्नति, आदि पर भी नव्य विचार आते हैं। खड़ी बोली के कविगण में से कई महाशय छायावाद की ओर भी चल रहे हैं। बहुत लोगों ने इस छायावादी साहित्य की निन्दा की है, किन्तु हम प्रत्येक उत्कृष्ट रचना को स्तुत्य समझते हैं। कहीं कहीं छायावादी रचनायें असमर्थ दूषण से नहीं बचतीं। वे अवश्य निन्द्य हैं। छायावादी कवियों को भी उचित है कि ऐसी दूर की कौड़ी न लावें, जिसके लिये पाठक को घण्टे भर मूड़ मारना पड़े, क्योंकि उनको भी समझे रहना चाहिये कि आत्मगौरव की मात्रा उचित से आगे बढ़ जाने से गर्हित अभिमान हो जाती है। उनको जानना चाहिये कि उनके लिये कोई अपने दो दो घण्टे एक एक पृष्ठ के लिये न खोवेगा। कुछ दिन हुये हमारा विचार था कि यह समय गद्य का है, और आजकल पद्य रचना करके प्राचीनों के आगे यश प्राप्ति कठिन है। आजकल की रचनाओं को

देखकर समझ पड़ने लगा है कि वर्त्तमान काल में भी प्राचीनों के समान अच्छे कविगण प्रस्तुत हो रहे हैं। गद्य लेखन की परिपाटी अब खासी परिष्कृत हो चुकी है। अब सैकड़ों ऐसे लेखक प्रस्तुत हैं, जिनकी भाषा त्रुटिहीन और श्लाघ्य है। भाव भी अच्छे से अच्छे आ रहे हैं। यथावकाश कविगण सब प्रकार के विषयों को हिन्दी में ला रहे हैं। कुछ दिनों तक अंगरेज़ी, बंगला, संस्कृत, गुजराती, मराठी आदि से अनुवादित ग्रन्थों की धूम रही। अब मौलिक रचनाओं का मान हो गया है। बहुतेरे लोग अब भी बिना कहे भारी भारी लेखकों से चोरी कर लेते हैं, किन्तु यह कोई प्रणाली नहीं, वरन् उन उन लेखकों की रंकता मात्र है। संक्षेप में साहित्य आजकल अच्छी उन्नति कर रहा है और समाज पर उसका प्रभाव भी पूरा पूरा पड़ता है। सिक्ख सम्प्रदाय का महत्व, राजपूताना, बुन्देलखण्ड, अवध आदि के इतिहास, तुलसी, रामानन्द, कबीर आदि के उपदेश, मुसलमान काल में समाज संगठन तथा उसका संरक्षण, वर्त्तमान काल में उन्नत विचारों का वितरण और जाति एवं देशप्रेम वर्द्धन, ये सब हिन्दी साहित्य के ही भारतीय इतिहास पर प्रभाव हैं। ज्यों ज्यों समाज में विद्वत्ता और योग्यता की वृद्धि होती जावेगी, त्यों त्यों हमारा साहित्य भी ऊंचे से ऊंचा होकर दिनों दिन देश सेवा करेगा।

महात्मा गांधी तथा कांग्रेस की राजनीति एवं कार्य्य प्रणाली के विषय में मतभेद सम्भव है, किन्तु इतना सर्वमान्य सा है कि महात्मा के प्रभाव से देश मे सत्य, उत्साह, विशुद्धाचरण, आत्मबलि तथा देशसेवा के भावों की अभूतपूर्व एवं आश्चर्य्यजनक जागृति हुई है। इन्हीं गुणों को कांग्रेस ने भी बढ़ाया है। वर्त्तमान भारत की आचार परिष्कृति में ही महात्मा का मुख्य माहात्म्य है।

---

अब १९३१ की मनुष्य गणना से हिन्दी प्रभाव सम्बन्धी दो चार निष्कर्ष दिखला कर हम इस ग्रन्थ को समाप्त करेंगे। उस वर्ष भारतीय मनुष्य गणना का जोड़ ३५, २६, ८६, ८७६ था। इसका प्रान्तवार फोड़ नीचे लिखा जाता है।

| प्रान्त | हिन्दू | मुसलमान | सिक्ख | ईसाई | अन्य | जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पूरा भारत ... | २३,८३,३०,९१७ | ७,७७,४३,९२८ | ४३,०६,४४२ | ५६,६१,७६४ | - | ३५,२६,८६,८७६ |
| सरकारी भारत | १७,६६,३४,४३५ | ६,७०,८५,५१० | ३१,६२,१६६ | ३५,३१,७०३ | — | २७,१२,७३,१०७ |
| रियासती भारत | ६,१३,९६,४८२ | १,०६,५८,४१८ | ११,१४,२७३ | २४,३०,०६१ | | ८,१७,१३,७६९ |
| बंगाल ... | २,१५,३७,९२१ | २,७५,३०,३२१ | | १,८०,५७२ | बौद्ध ३,१५,८०१ | ५,०१,२२,५५० |
| युक्तप्रान्त ... | ४,०९,०५,५२३ | ७१,८१,९२७ | ४६,५०० | २,०५,००९ | जैन ६७,९५४ | ४,८४,०८,७६३ |
| मद्रास ... | ४,०३,९२,९०० | ३३,१६,०८३ | | १७,७०,३२८ | - | ४,६५,७५,६७० |
| बिहार, उड़ीसा | ३,१०,१०,६८० | ४२,६४,७७६ | | ३,४१,७१० | | ३,७६,७६,५७६ |
| पंजाब ... | ६३,२८,५८८ | १,३३,३२,४६० | ३०,६४,१४४ | ४,१४,७८८ | ४१,००७ | २,३५,८०,८५२ |

इस विवरण पत्र से निम्न बातें प्रकट हैं :—

(१) पूरे भारत तथा सरकारी भारत में हिन्दू मुसलमानों का पड़ता प्रायः तीन एक का सम है तथा अन्य नगण्य हैं।

(२) बंगाल में मुसलमान हिन्दुओं से कुछ अधिक हैं तथा शेष नगण्य हैं।

(३) पञ्जाब में मुसलमान इतरों से प्रायः ड्योढ़े हैं तथा हिन्दू सिक्खों से दूने से कुछ अधिक हैं।

(४) युक्तप्रान्त और विहार में हिन्दू मुसलमानों से छगुने से अधिक हैं तथा शेष नगण्य हैं।

(५) मदरास, मध्यदेश और बम्बई हिन्दू प्रान्त हैं। बम्बई में कई अन्य जातियां भी काफ़ी संख्या में हैं यद्यपि पड़ते में नगण्य हैं।

(६) वर्मा बौद्ध देश है, जहां हिन्दू मुसलमान काफ़ी सख्याओं में बसते हैं किन्तु पड़ता में नगण्य हैं। वहां हिन्दू मुस्लिम प्रश्न न होकर वर्मीज़ तथा भारतीय का है।

(७) आसाम में हिन्दू मुस्लिम कुछ कुछ दो तिहाई तथा एक तिहाई के पड़ते में हैं। यही दशा दिल्ली की है।

(८) कुर्ग हिन्दू प्रान्त है तथा अजमेर मरवारा प्रायः पंचमांश मुस्लिम है।

(९) बलूचिस्तान और वायव्य सीमा मुसलमानी देश हैं जिनमें प्रायः दशमांश हिन्दू हैं।

(१०) सिक्खों का देश पञ्जाब ही है, किन्तु रियासती भारत, युक्तप्रान्त वायव्य सीमा, बलूचिस्तान, बम्बई, दिल्ली तथा आसाम में भी वे हज़ारों की संख्या में बसते हैं। सिक्ख लोग हिन्दुओं से पार्थक्य नहीं चाहते, किन्तु यदि मुसलमानों का मान हिन्दुओं के सामने अल्प संख्या वाद के कारण कहीं भी बढ़े, तो उसी वाद पर सिक्ख भी मुसलमानों की प्रतिस्पर्द्धा में मान वृद्धि चाहते हैं। इन लोगों के प्रश्न में केवल पञ्जाब में भारी गर्मा गर्मी है। हिन्दुओं से

इनका कोई कहने योग्य सामाजिक या राजनीतिक वैमनस्य नहीं है।

(११) ईसाई लोग पूरे भारत में केवल प्रायः साठ लाख हैं, जिनमें से प्रायः साढ़े पैंतीस लाख वृटिश भारत में हैं और शेष रियासतों में। रियासतों में ये लोग ठेठ दक्षिण में बहुतायत से हैं, वृटिश प्रान्तों में केवल मदरास में प्रायः १८ लाख हैं और विहार उड़ीसा, युक्तप्रान्त, बंगाल, पञ्जाब, आसाम, तथा बम्बई में प्रायः ४ से २ लाख तक की संख्याओं में और अन्यत्र हजारों में। पहले बंगाल में भद्रलोग भी अँगरेज़ी पढ़कर ईसाई होने लगे थे, किन्तु राजा राममोहन राय तथा श्रीयुत केशवचन्द्र सेन की शिक्षाओं से यह धारा बन्द हो गई। अब बहुत करके केवल निम्न श्रेणी के हिन्दू लोग ईसाई हो रहे हैं। पञ्जाब में यह धारा स्वामी दयानन्द सरस्वती के उपदेशों से स्थगित हुई। मदरास में जातिपाँति का भारी बल है तथा इसी के साथ अछूतों का विशेष निरादर है, यहां तक कि उनकी छाया का भी स्पर्श नहीं हो सकता। इस कारण से वे लोग हिन्दू रहने में कोई महत्ता नहीं देखते हैं। आशा है कि आज कल के अछूतोद्धारवाले परिश्रम से न केवल यह धारा अवरुद्ध होगी, वरन् बहुतेरे खोये हुये हमारे भाई वापस भी मिलेंगे। मुसलमानों में धार्मिक जोश इतना है कि बहुत ही कम मुस्लिम ईसाई हुये हैं। हिन्दुओं में भी सवर्णों का यही हाल है, किन्तु अवर्णों के निरादर से उनकी हिन्दू धर्म में स्थिति संशयाकीर्ण है। यदि उनका भी सामाजिक आदर होने लगे, तो हिन्दू धर्म में अच्छा संगठन हो जावै। जितने ईसाई लोग हैं उनमें से ६५ प्रतिशत से अधिक यही हमारे अनादृत भाई होंगे जो हमसे रुष्ट होकर चले गये हैं।

(१२) जैन अब हिन्दू ही हैं। ये लोग युक्तप्रान्त, मध्य भारत, राजपूताना, वर्मा, और बम्बई में बहुसंख्यक हैं। बौद्ध बंगाल, वर्मा और बम्बई में पाये जाते हैं। इनका हिन्दुओं से ऐसा मेल है, कि

वंगाल वम्बई में अब ये हिन्दू ही से हैं, केवल वर्मा में इनका पृथक् प्रश्न भारत से साझे या अलग होने का चल रहा है।

(१३) पारसी और यहूदी वम्बई में हैं। यहूदी योरोपियनों से हैं और पारसी देशभक्त होने से प्रेम पात्र माने जाते हैं, यद्यपि थोड़ी संख्या में होने से वम्बई में लोग कभी कभी इनमें विरादरी प्रेम की अनुचित मात्रा भी सूंघने लगते हैं। फिर भी यह वहुत नहीं है और इनका देशप्रेम इन्हें वहुत प्रीति भाजन वनाये हुये है, सो इनके विषय में कोई खटकनेवाला राजनीतिक या सामाजिक प्रश्न सामने नहीं आता है।

(१४) मुसलमानों का प्रश्न पूरी गर्मा गर्मो से पञ्जाव में चलता है जहां का तृकोणात्मक प्रश्न है। वंगाल में भी कुछ झगड़ा है। सिन्ध, वायव्य सीमा तथा वलूचिस्तान में मुस्लिम वहु संख्या काफ़ी वड़ी है, सो वहां कोई भारी प्रश्न नहीं है, केवल सिन्धी हिन्दू वम्बई से अलग होना नहीं चाहते। सिन्ध आदि के अतिरिक्त मुस्लिम वहु संख्या केवल वंगाल और पञ्जाव में है। यह प्रश्न विचारणीय है कि इन्हीं दो प्रान्तों में यह संख्या क्यों वढ़ी, तथा युक्तप्रान्त एवं विहार में क्यों न वढ़ी? यदि उड़ीसा का पड़ता निकाल डाला जावै, तो युक्तप्रान्त और विहार में हिन्दू मुस्लिम पड़ता प्रायः एकसा है। यह तो प्रकट है कि मध्य तथा दक्षिणी एवं ठेठ दक्षिणी भारत में मुसलमानी प्रभाव कभी नहीं वढ़ा, सो वहां इनकी संख्या उचित ही कम है। सिन्ध में सबसे पुराना मुसलमानी राज्य रहा है, सो वहां हिन्दू केवल २७ प्रतिशत हैं। तोभी व्यापार, धन, प्रभाव आदि में उनका मान वहुत ही अधिक है। वायव्य सीमा की भी यही दशा है और वंगाल तथा पञ्जाव में भी कई अंशों में यही वात है। वायव्य सीमा में हिन्दू और सिक्ख महत्ता में एक से हैं। विहार में शिया मुसलमान प्रभावशाली हैं और युक्तप्रान्त में सुन्नी। शिया लोगों का हिन्दुओं से सामाजिक तथा राजनीतिक विरोध वहुत कम है।

(१५) देखने में समझ पड़ता है कि युक्तप्रान्त पौराणिक धर्म का केन्द्र था। यहां तीर्थ अवतार आदि सब से अधिक और प्रभावशाली हैं, तथा अछूतों के अपेक्षाकृत कम अनादर ने हिन्दू समाज के संगठन में शैथिल्य अन्य प्रान्तों के देखते हुये कम है। महात्मा तुलसीदास के उपदेशों का प्रभाव भी यहां बहुत है। इन कारणों से युक्तप्रान्त के मुसलमानी शासन के केन्द्र होने पर भी यहां मुसलमानों का प्रभाव तादृश न पड़ सका। बिहार में भी उपरोक्त अन्तिम दो कारण प्रस्तुत हैं। वहां मुसलमानी केन्द्र के न होने से मुस्लिम दबाव भी कम पड़ता था, सो प्रथम दो कारणों की कमी होते हुये भी कुल मिलाकर फल युक्तप्रान्त से ही मिल गया। पञ्जाब में गोस्वामी जी का सा कोई उपदेशक न था। सिक्ख गुरुओं कृत जातिपांति की निन्दा से, जाति के संगठन द्वारा युक्तप्रान्त को जो लाभ हुआ था, सो पञ्जाब को न मिला। वहां कोई अच्छा हिन्दू उपदेशक न हुआ, यहां तक कि ब्राह्मणों का प्रभाव सिक्खों, खत्रियों तथा आरोड़ा हिन्दुओं के सामने कुछ भी नहीं रहा आया है। इन कारणों से पञ्जाबी हिन्दू समाज विधर्मियों का दबाव न संवरण कर सका और हिन्दुत्व की महत्ता संख्या में खो बैठा। हिन्दू वहां ज़िमीदार भी अपेक्षाकृत दृष्टि से कम हैं, यद्यपि व्यापार, शिल्प आदि में उनका प्रभाव अच्छा है। बंगाल में संस्कृतपन तथा जाति सम्बन्धी उच्चता बहुत अधिक थी, जिससे निम्न श्रेणी का हिन्दू समाज सामाजिक अनादर से असन्तुष्ट था और भाषा में संस्कृत प्रभाव बाहुल्य के कारण शेष समाज के मानसिक विचारों से भी प्रभावित नहीं होता था। अतएव बङ्गाल के एक दूरस्थ मुस्लिम प्रान्त होने पर भी थोड़े ही से दबाव पर हिन्दू समाज अपना बृहदंश खो बैठा। आसामी हिन्दू धर्म नया ही था, सो उसपर भी मुस्लिम प्रभाव सुगमता पूर्वक पड़ गया, यद्यपि उसके बहुत दूरस्थ होने तथा निम्न श्रेणीवाले निरादर के अपेक्षाकृत अभाव तथा भाषा सम्बन्धी वैषम्य में कमी के कारण

बंगाल के सामने मुस्लिम विचारों से वह कम प्रभावित हुआ। वर्मा में धार्मिक जोश के कारण मुसलमानों की संख्या कम नहीं होती, क्योंकि वरमीज़ स्त्रियों को मुसलमान बना कर ही वे उनसे विवाह करते हैं, किन्तु हिन्दू लोग अपने पुराने बहिष्कार सम्बन्धी विश्वासों के कारण बरमोज़ स्त्रियों को हिन्दू नहीं बनाते और उनसे उत्पन्न सन्तानों को भी अहिन्दू समझते हैं, जिससे वहां हिन्दू संख्या समुचित रीत्या नहीं बढ़ती और जो कुछ है भी, उस के घटने की शंका है। इन्हीं कारणों से आजकल सारे भारत में नव शिक्षा प्राप्त हिन्दू जातिपाँति को तोड़कर, तथा इतरों को हिन्दू बनाकर अपनी संख्या बढ़ाना चाहते हैं। यदि यह बातें हमारे यहां चल गईं और अछूत निरादर हट गया, तो हिन्दू संगठन बढ़ जावैगा, नहीं तो पचास वर्षों के भीतर हिन्दू संख्या बहुत गिर जावैगी, ऐसा भय है। पुराना इतिहास देखने से समझ पड़ता है कि जैसे एक बार सबल पड़कर जाति ने हमारी रक्षा की थी, वैसे ही अब निर्वल पड़कर वह हमैं बचावैगी। आज कल का हमारा साहित्य ऐसे विचार बहुतायत से उपस्थित कर रहा है।

समाप्त।